# पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव लड़ने से पहले नेताओं का मूल्याकंन पार्टी के लिए बनाए गए सदस्यों के आंकड़े से होगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 1 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर जिले के पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं नगरीय निकाय के पार्षदों की बैठक अहिवारा, धमधा, दुर्ग शहर, उतई और पाटन में संपन्न हुई।बैठकों में मुख्य रूप से जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, जिला सदस्यता टोली संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, डॉ. मानसी गुलाटी, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर उपस्थित रहे।जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के वर्तमान जनप्रतिनिधि को आगामी चुनाव में दोबारा अधिकृत करने से पहले पार्टी के प्रति उसका समर्पण आवश्यक रूप से देखा जाएगा। वर्तमान जनप्रतिनिधियों को अवसर देने से पहले उनके मूल्यांकन का आधार उनके द्वारा बनाए गए सदस्यता के आंकड़े से होगा, उसके बाद ही किसी नेता की सिफारिश काम आएगी अर्थात पार्टी के प्रति उसका योगदान पहले देखा जाएगा।जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि पार्टी ने पूर्व में नगरीय निकाय और पंचायत में चुनाव लड़ने का मौका दिया और अब आपकी बारी है कि पार्टी के प्रति समर्पण भाव दिखाने की। पार्टी ने व्यक्तिगत तौर पर जो लक्ष्य हर पार्षद को दिया है, उसको पूरा करके अपने पद और संगठन के साथ न्याय करें। भाजपा सदस्यता अभियान की जिला टोली के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत से संबंधित अगले पद में फिर से जाना चाहते हैं, तो पार्टी ने जितना लक्ष्य निर्धारित किया है, उस लक्ष्य को पद के अनुरूप हासिल करना होगा और लक्ष्य को पूरा करके पार्टी की दृष्टि में उसे पद के लायक अपने आपको प्रस्तुत करना होगा, तभी पार्टी ऐसे इच्छुक कार्यकर्ताओं को आगे फिर से अवसर देने के बारे में विचार करेगी।नेताओं ने जनप्रतिनिधियों से आव्हान करते हुए कहा कि पार्टी के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने से पार्टी के साथ-साथ स्वयं का भी आधार मजबूत होगा।

आभार प्रदर्शन जिला सदस्यता टोली की सदस्य डॉ. मानसी गुलाटी ने किया।बैठकों में दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष मदन वाढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, डॉ. सुनील साहू, फत्ते वर्मा, खेमलाल साहू, लोकमनी चन्द्राकर, लालेश्वर साहू, द्वारिका साहू, गोविंद देवांगन, विजय डरसेना, अनिल यादव, बृजेन्द्र दानी, पारखत साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, शुभम ताम्रकार, संजय चन्द्राकर, देवकुमार सिन्हा, पार्षद मनीष साहू, चमेली साहू, शिवेंद्र परिहार, नरेंद्र बंजारे, कुमारी साहू, चंद्रशेखर चन्द्राकर, अजीत वैद्य, कुलेश्वर साहू, कविता तांडी, काशीराम कोसरे, सुरेन्द्र बजाज, देवनारायण तांडी, गुड्डू यादव, कमल देवांगन सहित पार्षदगण और जनपद व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बिना कमिश्नर की जानकारी निगम मद हो गया खाली,मामला भिलाई नगर निगम का

**भिलाई नगर, 1 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई में तात्कालीन आयुक्त के बगैर जानकारी निगम मद से सड़क मरम्मत सहित कुछ ऐसे काम का भुगतान कर दिया गया है जिससे गंभीर भ्रष्टाचार की आशंका है। आज जब निगम कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य आवश्यक भुगतान को लेकर निगम मद में फंड है ही नहीं तब यह प्रकरण सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार ऐसी शिकायत मिलने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कुछ सूचीबद्ध कार्यों के संबंध में जब तात्कालीन कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव से दूरभाष से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि ये सभी कार्य न तो उनके संज्ञान में हैं और न ही उन्होंने ऐसे किसी कार्य को लेकर आदेश जारी किया है। सूत्रों से जानकारी लगी है कि निगम मद से 25 लाख सड़क मरम्मत, 14 लाख पेयजल आदि कुछ ऐसे कार्य हैं जिनके लिए कुछ लोगों की मिलीभगत से निगम मद का दुरूपयोग किया गया है। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिख निगम मद बजट से ऐसे कार्यों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब हो कि अगर तात्कालीन कमिश्नर को भी निगम मद के ऐसे दुरूपयोग की जानकारी नहीं है तो आशंका यह भी है कि आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर और कूटरचना से ऐसे कार्य के भुगतान हेतु निगम मद का दुरूपयोग हुआ हो। प्रभारी आयुक्त नगर निगम भिलाई और कलेक्टर दुर्ग को भी मामले की सूचना दी गई है।

### पुलिस ने 65 बच्चों को ढूंढ निकाला

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत इस समय खाकी वर्दी वाले लोगों के घर की खुशियां लौटाने का अभियान चला रहे है। एक माह में दुर्ग पुलिस ने वर्षों से लापता करीब 65 बालक-बालिका ओं को देश के विभिन्न राज्यों से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। अपनों को देखकर परिजनों की खुशियों के आंसू फूट पड़े। शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के दिशा- निर्देश पर जिले के समस्त थाना व चौकियों में वर्षों से लंबित गुम बालक बालिकाओं की खोजबीन की गई गुमशुदा तथा संबंधितों के मोबाइल डाटा एवं लोकेशन एवं सोषल मिडिया का भी सहारा लेकर प्राप्त सूचना अनुसार अलग-अलग राज्यों में भी पुलिस टीम भेजी गयी। पुलिस ने इस प्रकार 1 सितंबर से 30 सितंबर तक व्यापक स्तर पर चलाये गये अभियान के परिणाम स्वरूप 16 बालक, 49 बालिका सहित कुल 65 बालक- बालिकाओं को खोज निकाला। इसमें से राज्य स्तर पर 53 बालक/बालिका को एवं राज्य के बाहर से 12 बालक/बालिका को ढूंढने में पुलिस को सफलता मिली है कई राज्यों से खोज लाए पुलिस ने छत्तीसगढ़ समेत उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, सतना, लखनऊ, उतराखंड, बरेली, थरगांव, पूणे, महाराष्ट्र, अमंल्लर आध्रप्रदेश, कोलकाता पश्चिम बंगाल और देशभर से खोज कर सही सुरक्षित परिजनों के सामने लाया तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं था।

### स्वच्छता पर बच्चों ने बनाई ड्राइंग, लिखा निबंध, सबने की तारीफ

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन क्रं. 4 स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर ड्राइंग, निबंध, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संयोग से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुनकुरी मुख्यमंत्री जी के छोटे भाई रोहित साय पधारे। उनके द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। साय ने बच्चों द्वारा बनाई जा रही स्वच्छता के उपर ड्राइंग को देखा। बच्चों से उत्सुकता भरे प्रश्न भी किये। आप यह ड्राइंग जो बना रहे हो, इसके पीछे क्या उद्देश्य है। बच्चों ने बड़े ही सहज भाव से जवाब दिया, हमारा भारत स्वच्छ बने इसमें हम सब की भागीदारी सुनिश्चित हो। हम सब की भागीदारी किस प्रकार से होगी, उसको हम अपने ड्राइंग के माध्यम से बता रहे हैं। निबंध के माध्यम से स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के जवाबदेही का एक बेहतर चित्रण प्रस्तुत किया गया। शिव ताण्डव के माध्यम से भी बच्चो ने स्वच्छता को रेखांकित किया। हर एक कार्यक्रम मन को मुग्ध करने वाला एक से बढ़कर एक था। अंत में नशा नास का जड़ है, जो पुरे समाज को खोखला करते जा रहा है। इस पर सुनाई गई कविता सबके दिल को छू लिया।साय द्वारा अपने उदबोधन में बताया गया कि मान. प्रधानमंत्री द्वारा हर एक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर दिया। जिस स्वच्छता को हम सब सामान्य समझते थे, वह सबके लिए विशेष हो गया है। हर व्यक्ति इसमें शामिल है। मान. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का स्वरूप यही है कि हमर छत्तीसगढ़ साफ-सथरा एवं हरा भरा बने। जिसमें गांव से शहर तक हर व्यक्ति की अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो।

### निगम भिलाई क्षेत्र में पीएम आवास से निर्मित मकानों का आबंटन किया जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नागरिको को आवास का आबंटन निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर पीएम आवास का निर्माण किया गया है एवं कुछ जगहो पर निर्माण कार्य जारी है। जिन मकानो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन मकानों को हितग्राहियो को आबंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार जिन मकानो का निर्माण कार्य जारी है उन मकानो का आबंटन किया जाना है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक 15 स्थानों पर कुल 3709 आवासों का स्वीकृति प्राप्त हुआ है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। कुल मकानो में से 1083 मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 1912 मकान पूर्णता पर है। जिसको दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्माण किये गये मकानो मे से 1083 मकानो का आबंटन हितग्राहियो का किया जा चुका है। जिनमें से 1906 आवास आबंटन हेतु शेष है। जिसके लिए 2058 हितग्राहियो का चयन जिला चयन समिति के द्वारा किया जा चुका है। जैसे ही हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया जाएगा।

# प्रधानपाठक ने जन्मदिन पर बांटे स्कूली बच्चोंको पानी बाटल, खिलाया न्यौताभोज



**उतई, 1 अक्टूबर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी के प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू ने 29 सितम्बर अपने जन्मदिन के अवसर पर 30 सितम्बर को शाला के सभी बच्चों को उनकी अपनी प्यास बुझाने हेतु तत्काल व्यवस्था जैसे साधन को ध्यान में रखते हुए जल ही जीवन है की आवश्यकता को अमल कर बच्चों के हित मे हमेशा अपने साथ रखें रहने के लिए निशुल्क पानी बाटल का वितरण कर महत्वपूर्ण सराहनीय कार्य किये ।साथ ही शाला के सभी बच्चों को आप के द्वारा खारा, मीठा के साथ आंशिक न्यौता भोजन भी कराया गया। इसके पूर्व सन् 2022में बच्चों को कापी पेन तथा 2023में जन्मदिन पर कम्पास बाक्स बांटे थे। बच्चों पर स्नेह रखने वाले ऐसे प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देकर जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अवधेश यादव जी, उपाध्यक्ष श्री चुड़ामणी नागेश जी,कुशलदास गायकवाड़ जी, बहुरसिग खरे,शिक्षक घनश्याम साहू, शिक्षिका -सुप्रिया चंद्राकर, दिनेश यादव, सावित्री मौर्य, कुलेश्वरी निषाद, एवं शाला के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# सिंधी ब्रादर मंडल के फिर से अध्यक्ष बनाए गए जय कुमार

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** सिंधी ब्रादर मंडल के पुनः अध्यक्ष बने जयकुमार ,, सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर 4 की आम सभा 29 सितंबर रविवार को सिंधु भवन सेक्टर 4 में संपन्न हुई, चुनाव हेतु नियुक्त चुनाव अधिकारी श्री अजय सचदेव जी ने समाज के सदस्यों के समक्ष चुनाव के परिणाम घोषित किया जिसमें जयकुमार अंबवानी सर्वसम्मति से सिंधी समाज के अध्यक्ष चुन लिए गए साथ ही साथ अंबवानी जी के पैनल के समस्त कार्यकारिणी सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए, ज्ञात होगी जय कुमार अंबवानी जनवरी 2019 से सिंधी ब्रादर मंडल के अध्यक्ष पद पर हैं। जय कुमार की टीम को समाज के प्रति सेवा भावना को देखते हुए समाज के अनेक लोगों ने भरोसा जताते हुए पुनः अध्यक्ष पद पर निर्विरोध समर्थन दिया जय अंबवानी ने ब्रादर मंडल के सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शन किया साथ ही साथ निवेदन भी किया की कमेटी की सफलता आप सदस्यों के सहयोग पर निर्भर करती है, समाज के लोगों द्वारा प्रदत सहयोग के कारण ही हमारी समिति वर्ष 2019 से समाज सेवा में निस्वार्थ भाव से लगी हुई है और आशा है समाज के लोग पूर्व की भांति कमेटी के प्रति सहयोग की भावना बनाए रखेंगे । समाज के महासचिव श्री मनोहर मलकानी ने मार्च 2024 तक का लेखा-जोखा समाज के उपस्थित गणमान्य नागरिकों व संरक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किया ।

मनोहर मलकानी ने जानकारी दी की शीघ्र ही निर्वाचित पदाधिकारीयो में से महासचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक सचिव, भवन प्रभारी इत्यादि पद की जिम्मेदारी दी जाएगी। उपाध्यक्ष श्री श्री ठाकुर साधवानी ने समाज को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय पोषण माह के समापन में सुपोषण देवी ने सुपोषण की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा 1 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में एक सितंबर से 30 सितंबर तक मनाये जाने वाले %राष्ट्रीय पोषण माह 2024 % के समापन कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा वीर सावरकर भवन, कवर्धा में किया गया।।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी को सुपोषित भारत सुपोषित छत्तीसगढ़ का सन्देश दिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उद्बोधन देते हुए कहा की पोषण माह के अच्छे अभ्यासों को आंगनबाड़ी केन्द्र की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल करना जरूरी जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजना से राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विभिन्न व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं इस दौरान किये गये याविभिन्न गतिविधिओं का स्टॉल लगाकर मनमोहक प्रदर्षन किया। कार्यक्रम में यह पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने और एक स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है। 2018 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष की आयु तक के बच्चों की पोषण स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके कुपोषण को दूर करने के लिए %राष्ट्रीय पोषण अभियान% शुरू किया था। इस वर्ष, अपने 7 वें चरण में, पोषण माह अभियान ने एनीमिया की रोकथाम, विकास निगरानी, सुशासन और प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रभावी सेवा वितरण, ÷पोषण भी पढ़ाई भी÷ और पूरक पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया। कबीरधाम जिले की 09 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के द्वारा पोषण आहार तथा टीचिंग और लर्निंग मटेरियल से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे। छत्तीसगढ़ में मिलने वाली विभिन्न प्रकार की भाजी से लेकर, श्रीअन्न तथा रेडी टू ईट से बने व्यंजन की प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ÷सुपोषण देवी÷ के रूप में सजी किशोरी बालिका ने लोगो को सुपोषण की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मनहरण कौषिक अध्यक्ष कवर्धा, उमंग पाण्डेय सभापति , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, हरितिमा टीम सदस्य सुनिल दोषी , , आनंद कुमार तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग , सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती विवेक हैरिस बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कवर्धा , श्रद्धा यादव, परियोजना अधिकारी, सहसपुर लोहारा , बृजेश सोनी बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कुण्डा राजेंद्र गेंदलेबाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी पण्डरिया, श्री संदीप पटेलबाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी बोड़ला, सुश्री श्रद्धा यादव बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी सहसपुर लोहारा,कृतिका सिंह बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी दशरंगपुर एवं कुकदूर सुश्री नीतिका डडसेना संरक्षण अधिकारी, श्रीमती सरोज शर्मा पर्यवेक्षक एवं सभी विभागों अधिकारी कर्मचारी सेक्टर सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि ग्रामवासी गणमान्य नागरीक छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सुधा वाटिका में श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 1 अक्टूबर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर आज सुधा वाटिका कवर्धा में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज और पर्यावरण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हम सभी मिलकर एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को हमेशा सजग रहना चाहिए। जिले के हर नागरिक, हर परिवार को भी अपने घर के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर समय-समय पर श्रमदान करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण एंव संवर्धन के लिए समाज को भी आगे आने की जरूरत है। हमे प्लास्टिक, पॉलिथिन की उपयोगिता नहीं करना चाहिए। इसके जगह हमे कपड़े और जूट से बने थैला का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, तहसीलदार उपेन्द्र किंडो सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### सड़क धसी, पुलिया क्षतिग्रस्त

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** भिलाई शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहां की करोड़ो रूपए खर्च करने के बाद भी धंस गयी पुलिया भिलाई शंकर नगर छावनी वार्ड 40 इंडस्ट्रीज एरिया से राजीव नगर वार्ड नंबर 43 मोची मोहल्ला खुर्सीपार तीन तालाब जाने वाली सड़क पूरी तरह से धँस गई पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई .1 वर्ष पूर्व ही सीमेंट्रीकरण हुई इंडस्ट्रीज एरिया की सड़क भारी वाहन के चलने से राजीव नगर वार्ड 43 के पास की पुलिया टूट गई वहीं सड़क भी भसक गई है खुर्सीपार राजीव नगर से बापू नगर को जाने वाली सड़क के किनारे बने नाले की दीवाल टूटने से दुर्घटना की आशंका है सैकड़ों लोगों का इसी मार्ग से आना जाना होता है कारखानों में काम करने वाले मजदूरों आमजनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है शीघ्र ही क्षतिग्रस्त नाला की दिवाल व सड़क बनाई नहीं गई।

# डीओ ने संस्था प्रमुखों को स्वच्छता की शपथ दिलाई



**कवर्धा, 1 अक्टूबर।** आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश स्कूल दुर्गावती चौक कवर्धा में 200 से अधिक शासकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी.साहु, सहायक संचालक एम.के गुप्ता, सहायक संचालक यू.आर.चन्द्राकर व एम.आई.एस., प्रशासक सतीश यदु ने स्वच्छता शपथ दिलाई ।

# पितृपक्ष में परिवार ने रूमलाल साहू का प्रतिमा बनवाई



**भिलाई, 1 अक्टूबर।** पितृ पक्ष में अपने माता-पिता की प्रतिमाएं बनवाने की नई परम्परा का आगाज छत्तीसगढ़ी संस्कृति में हुआ है। अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का यह नया प्रचलन समाज में नये सबेरे का संकेत दे रहा है। इसी तारतम्य में प्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने ग्राम फुंडा, तहसील पाटन के वरिष्ठ समाजसेवी रूमलाल साहू की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण किया है।रूमलाल साहू के हूबहू प्रतिमा बनाए जाने पर वेदांत साहू, परिवार तथा रुक्मणी फार्म हाउस फुंडा के समस्त सदस्यों ने मूर्तिकार अंकुश देवांगन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक महापुरुषों की प्रतिमाएं ही बनाया जाना प्रचलन में रहा है लेकिन शिक्षा और संस्कार की नई परिपाटी ने माता-पिता के प्रति एक नये नजरिये का सूत्रपात किया है। और समाज में अब तेजी से अपने माता-पिता को सम्मान देने का एक नया दौर शुरू हुआ है जो कि सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार और आर्ट क्रिटिक डी.एस.विद्यार्थी ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे और लोग भी प्रेरित होंगे। उन्होंने बताया कि बस्तर के आदिवासी समाज में यह परम्परा प्राचीन काल से रही है। लेकिन वहां की मूर्तियां हूबहू न होकर प्रतीकात्मक बनाई जाती है मसलन यदि वे हवाई जहाज में बैठने का शौक रखते थे तो उन्हें उसी में बिठाया जाता है। इसी तरह से किसी को मोटरसाइकिल तो किसी को कार इत्यादि में भी बहुत छोटे स्वरूप में उनके समाधि स्थल पर बनाया जाता रहा है। इसके अलावा लकड़ी और लंबे पत्थर के खम्भे जिसे गायता पखना कहते हैं उसे जमीन में सीधा गाड़कर उनमें उनके जीवन से संबंधित चित्रकारी की जाती है। जिसमें अनिवार्य रूप से चिड़ियों को बनाया जाता है जो कि जीवन के दार्शनिक पहलू का बखान करती है कि आत्मा को एक दिन चिड़िया की तरह उड़ जाना है। बहरहाल विद्यार्थी ने अंकुश द्वारा साहूजी की हूबहू प्रतिमा बनाने पर उन्हें बधाई दी है और इस नई परम्परा के लिए वेदांत साहू को भी साधुवाद दिया है। विद्यार्थी जी ने कहा है कि महापुरुषों की प्रतिमाएं बनाना सामान्य बात है कोई भी कलाकार बना सकता है परन्तु किसी के माता-पिता की हूबहू मूर्ति बनाना अत्यंत ही दुष्कर कार्य है। क्योंकि इसमें अतिरिक्त सावधानी, परिश्रम और गहन धैर्य की जरूरत पड़ती है। ऐसी प्रतिमाएं बनाना हर किसी कलाकार के बस की बात नही है। यह कार्य अंकुश देवांगन जैसे बिरले कलाकार ही कर सकते हैं जो अपनी कलासाधना में दिन रात डूबे रहते हैं।

## सांसद विजय बघेल के छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** सांसद विजय बघेल के छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाइयां। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक में अपना बेहतर प्रदर्शन करे इस दिशा में पहल की जाएगी और मेडल जीत कर लाएं देश और राज्य का नाम रोशन करें यह हमारी अपेक्षा है। छत्तीसगढ़ में खेल को आगे ले जाने के लिए हम पूरी टीम भावना के साथ काम करेंगे। छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

सांसद विजय बघेल स्वयं राष्ट्रीय कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं और खेल के प्रति उनकी गहरी रुचि रहती है। समय समय पर विभिन्न खेल के राष्ट्रीय आयोजन करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, निश्चित रूप से सांसद विजय बघेल के ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश को लाभ होगा। बधाई देने वाली में प्रमुख रूप से शारदा गुप्ता सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह निशु पांडे विनोद उपाध्याय योगेश गुप्ता अंजय दुबे नंदकिशोर गुप्ता बंटी नाहर रामा राव नायडू सुधीर बंसल राजेश सिंह शैलेंद्र गुप्ता नेहरु साहु सुनील गुप्ता प्रकाश सावंत कृष्णा गुप्ता आर डी गुप्ता रामा राव नायडू प्रकाश सावंत सुधीर बंसल भानु प्रताप श्रीनिवास मिश्रा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वभाव एवं संस्कार में स्वच्छता लाना जरूरी: आयुक्त



**उतई, 1 अक्टूबर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र दुर्ग छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में जिला प्रशासन दुर्ग के सहयोग से दुर्ग जिले के शिवनाथ नदी तट पर स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्लास्टिक कचरे का एकत्रीकरण किया गया।उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष अभियान के रूप में जिले के साथ साथ पूरे देश मे चलाया जा रहा है *मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री लोकेश चंद्राकर* उपस्थित रहे उन्होंने स्वच्छता अभियान में कार्य कर रहे युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता कार्य को सभी युवाओं को अपने दैनिक जीवन में भी अपनाना चाहिए साथ ही युवाओं से इस कार्य मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने अपील की।इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में रूङ्ख भारत दुर्ग एवं घनश्याम सिंग आर्य कन्या महाविद्यालय व सुराना महाविद्यालय के 80 स्वयंसेवको का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में एपीए आरती मिश्रा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निशा साहू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश वैद्य,श्रीमती ललेश्वरी साहू ,आशीष, आकांक्षा,मृदुल, सुशील,अदनान,योगेश, निमिष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवको को कैप एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

एक नजर

## छूरिया में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब



**छूरिया 1 अक्टूबर।** नगर में धड़ल्ले से चल रहा अवैध शराब परोसने का गोरखधंधा बताया जाता है कल 2 अक्टूबर बंदी में बेचने स्थानीय शराब तस्कर इकट्ठा कर चुके हैं बंद शटर में होता है शराब का गोरखधंधा आयें दिन शराब भट्टी में स्थानिक कोचिये इकठ्ठा करते नजर आते हैं शराब स्थानीय स्तर पर पुलिसिया कार्रवाई शून्य नज़र आती है शराब तस्कर हर गली मोहल्ले में बेच रहे अवैध शराब प्रशासन की किरकिरी कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं आबकारी विभाग आखिर क्यों मौन धारण किये हूए है आबकारी विभाग छूरिया नगर में अब तक कार्यवाही शुन्य हैं आबकारी विभाग का सिर्फ निरदोशो पर खानापूर्ति कार्रवाई करतें देखने को मिला हैं।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 अक्टूबर को

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र राजनांदगांव में 9 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा एसआर सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव 35 पद एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर 5 पद केवल पुरूष, भारत फाईनेंनशियल इन्क्लूशन लिमिटेड सेक्टर 01 अवंती विहार रायपुर द्वारा लोन ऑफिसर 100 पद एवं अस्स्टिेंट ब्रांच मैनेजर 10 पद, सोनाटा फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर 50 पद, आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्यूरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर 30 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड बलौदाबाजार-भांठापारा द्वारा इलेक्ट्रीकल 2 पद, फिटर, मैकेनिक 2 पद, मैकनिकल 2 पद केवल पुरूष के लिए भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोट्र साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## सय्यद हाशिम अली बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**डोंगरगांव 1 अक्टूबर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अमीन मेमन व जिला अध्यक्ष शकील रिज़वी की अनुशंसा से जिला कार्यकरणी की घोषणा की गई जिसमें रतनभाट के सय्यद हाशिम अली को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया जिसमें सभी क्षेत्र के लोगो ने बधाई व शुभकामनाएं दी नई कार्यकारिणी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के लिए एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है, और शकील रिजवी के नेतृत्व में यह टीम अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए काम करेगी।



## नई फंडिंग योजना शुरू

रायपुर 1 अक्टूबर। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसई- 511700), एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए एक नई फंडिंग योजना शुरू की है। यह योजना कंपनियों को ग्रीन ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद करेगी, जिससे ऊर्जा का उपयोग और भी टिकाऊ और किफायती हो सके। भारत की बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रयासों के अनुरूप, स्टैंडर्ड कैपिटल का फंडिंग उन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो सौर पैनल और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करते हैं।

## राडा की नई कार्यकारिणी का गठन

**रायपुर 1 अक्टूबर।** आटो मोबाईल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) ने दिनांक 28.09.2024 को होटल सायाजी में राडा की नई कार्यकारणी का गठन के लिए वार्षिक आम सभा का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एफ.ए.डी.ए. (फाडा) के अध्यक्ष श्री सी एस विगनेश्वेर एवं विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी, एफ.ए.डी.ए. (फाडा) के पूर्व अध्यक्ष श्री मनीष राज सिघनिया जी और एफ.ए.डी.ए. (फाडा) के सीईओ श्री सहर्ष दमानी उपस्थित थे. कार्यक्रम में राडा सदस्य व् प्रदेश के 75 से अधिक ऑटोमोबाईल सदस्य उपस्थित थे ।

## जंगलों को आग से बचाकर किया पर्यावरण संरक्षण

**धमतरी 1 अक्टूबर।** वनांचल क्षेत्र के 337 परिवारों की दशा बदलने एवं उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में 7 गांवों के ग्रामीणों के लिए संदर्भ केन्द्र मददगार बन गया है। इन सात गांवों के ग्रामीणों ने जंगलों को आग से बचाकर पर्यावरण संरक्षित करने और कोकुन उत्पादन में अपनी सहभागिता निभाई। ग्राम मटियाबाहरा को वर्ष 2021 में 1129.659 हेक्टेयर जंगल का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त हुआ। अधिकार मिलने के बाद सदस्यों ने इसे आजीविका के रूप में विकसित करने पर विचार किया। जिसमें नियम बनाया गया कि प्रतिमाह अनिवार्य रूप से ग्रामसभा आयोजित बैठक में 50 प्रतिशत से अधिक सदस्या उपस्थित होंगे तथा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के 11 सदस्य होंगे। इसी में से अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव नियुक्त किया गया। इसका पाक्षिक बैठक आयोजित करने पर विचार किया गया। ग्राम सभा सदस्यों द्वारा 15 खंडों में 5 साल तक नियम पालन करने और पांच साल पूरा होने के बाद चराई क्षेत्र, जलावन क्षेत्र, संरक्षित क्षेत्र में बदलाव करने का नियम बनाया गया, जिससे जंगल में चारों ओर घनत्व बना रहेगा, जो कम्पार्टमेंट 339, 340, 341 और 345 के अंतर्गत आता है। ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा हर दिन चार लोग जंगल में अवैध कटाई, अवैध शिकार और आग से बचाने के बारी-बारी से श्रमदान की जरिए रखवाली करने जाते हैं। अब तक यह रख-रखाव प्रक्रिया चल रही है, जिसे स्थानीय भाषा में लोग ठेंगापाली का नाम दिया है।

# शासकीय अस्पताल में 25 सितंबर की रात हुई घटना में आया नया मोड़,नगरी पुलिस सवालों के घेरे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 1 अक्टूबर।** सिविल अस्पताल में विगत 25 सितंबर को रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों ने ईलाज कराने के बहाने से अस्पताल पहुंचे, जहां पर इन युवकों ने ड्यूटी में तैनात महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया और कोलकाता जैसे कांड यहां भी करने की धमकी दिए, दूसरे दिन पूरा अस्पताल के सभी स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी पुलिस थाने पहुंचे थे और इसकी शिकायत किया,घटना की खबर मिडिया में चलने के बाद नगर सहित पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई, लोगों के बीच इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई, और घटना में क्या कार्रवाई होती है इसमें नजर बनाए हुए हैं, जब इसकी पड़ताल किया गया तो घटना में एक नया मोड़ आ गया है, नगरी पुलिस का कहना है कि जांच में ऐसा कुछ नहीं पाया गया है जिस पर अपराध दर्ज हो। अब सवाल उठता है की क्या अस्पताल प्रशासन 26 सितंबर को थाने में फोटो खिंचवाने गया था ? बीएमओ के द्वारा मिडिया में दिया गया बयान सब झूठ है ? क्या अस्पताल प्रबंधन पर किसी व्यक्ति का दबाव है जो मीडिया में बयान देने के बाद भी अब चुप्पी साध लिया गया है ? क्या नगर में भय का माहौल बनाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया था ? ऐसे कई ज्वलंत सवाल है जिसका कोई जवाब नहीं मिल रहा है, अस्पताल में जिन कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार हुआ है उस पर पुलिस में बयान नहीं देने का दबाव बनाया गया है, कौन है वह व्यक्ति जो नगरी के शांत फिजा में जहर घोलने का काम कर अपराधियों को बचाने का कार्य कर रहा है ? इसका खुलासा होना चाहिए। अगर इस तरह की घटना को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी तो अपराधियों का हौसला बुलंद होगा और किसी दिन इनके द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता हैं। पुलिस का कहना है कि घटना के समय ड्यूटी कर रही स्वास्थ्य कर्मचारी बयान देने तैयार नहीं है जिसके कारण पुलिस अस्पताल में ऐसी कोई घटना होने से इंकार किया है, और आंशका व्यक्त करते हुए कहा है कि यह सब रात्रि कालीन पुलिस सुरक्षा के लिए ऐसा किया गया है, जो बेहद ही बचकाना और हास्यपद लगता है, अगर अस्पताल प्रबंधन को नाईट में सुरक्षा चाहिए तो वे सीधे अपने उच्च अधिकारी के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग कर सकते हैं, इस प्रकार के आडंबर क्यों किया गया ? नागरिकों के बीच में चर्चा व्याप्त है कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है, उन्होंने मांग की है कि इस पूरे घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किया जाए। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की भुमिका संदिग्ध नजर आ रहा है जिसका खुलासा होना जरूरी है।

## सड़क निर्माण में ठेकेदार ने लगाये 45 लाख रुपए के डामर के फर्जी बिल

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास प्राधिकरण सिवनी पीआईयू 1 अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में डामर के फर्जी बिल लगाने पर देवानंद जैन स्कूल रोड 50 वर्धमान नगर रोड राजनांदगांव निवासी सड़क निर्माण ठेकेदार श्री संजय सिंघी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार प्लाट नंबर 7 शिरके ले आउट राजनगर कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी श्री बलजिंदर सिंह नैय्यर द्वारा ठेकेदार श्री संजय सिंघी के विरूद्ध सड़क निर्माण कार्य में व्यापक मात्रा में डामर के फर्जी बिल लगाकर शासन से भुगतान प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। प्राप्त शिकायत की जांच करने पर पता चला कि सड़क निर्माण ठेकेदार श्री संजय सिंघी द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी कुल 45 लाख 89 हजार 331 रूपए के फर्जी इनवाईस लगाये गये थे, जो इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी नहीं किए गए थे। पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर श्री आरडी भारद्वाज ने बताया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों में जबलपुर संभाग के अनेक जिलों में विभिन्न सड़क निर्माण ठेकेदारों द्वारा फर्जी डामर के बिल लगाकर करोड़ों रूपए का भुगतान शासन से प्राप्त किया गया है, जिसकी शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर को प्राप्त हुई है और जांच लगातार जारी है। इस कार्य में जो भी अधिकारी और सड़क ठेकेदार शामिल है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर शिक्षक पदयात्रा करेंगे

- 2 अक्टूबर को हजारों शिक्षक मांगेंगे अपना अधिकार
- शिक्षक मोर्चा ने किया शिक्षको से रायपुर पहुचने का आह्वान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहल 1 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला मोहला मानपुर अ.चौकी के जिला संचालक श्रीहरी,बाबूलाल लाडे,ललिता कन्नौजे, रमेश सोनी,मनोज देशमुख, भेषराम रावटे, रूपेंद्र नन्दे,राममणि द्विवेदी, बंशी विनायक,सत्यवान वाकडे,सुधन सिंह कोरेटि, चेतन भुवार्य,रविंद्र रामटेके, हिमेश्वरी देवांगन,विरेंद्रपाल लाडेश्वर, किशोर देवांगन,संजय देवांगन,दिवाकर बोरकर,सरोज साहु, दिलीप धनकर, जीवन नेताम,निर्मला कसारे,दिनेश उसेण्डी, देवशंकर तारम,अंगद सलामे,गुलाब सिन्हा ने बताया की प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ,वीरेंद्र दुबे ने कहा कि 2 अक्टूबर को मोदी की गारंटी लागू करने सत्याग्रह पदयात्रा करके हजारो शिक्षक एल बी अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेंगे।

जिन मांगो को लेकर एल बी संवर्ग ज्ञापन सौपेंगे उसमें मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।

पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्लु/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे।

शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए।

ज्ञात हो शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन ÷पूर्व सेवा गणना मिशन÷ अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे, नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन दिया जाएगा,12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा।25 नवम्बर 2024 को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

## हत्या के चार आरोपियों को भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में जेल

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** 29 सितंबर को लगभग 02:00 से 02:30 के मध्य बजे जरिये मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि अमित बरई के पान ठेला के सामने रेल्वे फाटक तुलसीपुर के पास दोपहर करीब 01:30 बजे एक व्यक्ति को 04 लोगों के द्वारा धारदार वस्तु से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिये है। जिसे घायलावस्था में उपचार हेतु जिला शासकीय अस्पताल बसंतपुर राजनांदगांव ले गये, डॉक्टर द्वारा चेकअप करने पर मुत्यु घोषित कर दिया गया। अस्पताल पहुंचकर पता करने पर मृतक का नाम ईश्वर उर्फ बहादूर बंसोड़ पिता स्व0 गुहा राम बंसोड़ उम्र 40 वर्ष साकिन बख्तावर चाल गली नं. 01 तुलसीपुर राजनांदगांव को हत्या करने के संबंध में प्रार्थी सुजीत बसोड़ पिता स्व0 गुहाराम बसोड़ उम्र 35 वर्ष साकिन तुलसीपुर बख्तावर चाल गली नं. 01 राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव से पता चला जिस संबंध में थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 628/24 धारा 296, 103 (1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।

समाचार संक्षेप

## भाजपा ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा



**मोहला 1 अक्टूबर।** सोमवार को जिला भाजपा मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के निर्देशन में मोहला मानपुर विधान सभा के अंतर्गत तीनों मंडल में सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक आयोजित किया गया, बैठक में मार्गदर्शन के लिए जिला प्रभारी कोमल जंघेल द्वारा कौड़ीकसा मंडल एवम मोहला मंडल में समीक्षा एवम आगामी कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया गया, तथा प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्ययोजना की जानकारी कार्यकर्ताओं एवम पदाधिकारियों दी गई। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, जिला महामंत्री श्रीमती नम्रता सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न चुरेंद्र, मंडल अध्यक्ष मोहला रतन तारम ,महामंत्री झनक सोनवानी, संदीप साहू , कमल तापड़िया, असवन कोमरे, जिला मंत्री योगेंद्र कोडापे, जिला उपाध्यक्ष खोरबहरा यादव, रमेश हिडामें , देवप्रसाद नेताम , नरसिंग भंडारी , लखन कलामें , नोहर धनजय ,शिवचरण अमरिया जी,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही मानपुर मंडल में पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने बैठक लेकर सदस्यता अभियान की गति तेज करने के लिए मार्गदर्शन दिया, जिसमे मानपुर मंडल अध्यक्ष धरमू भुआर्य मंडल सदस्यता संयोजक राजहंश मंडावी सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेल से युवाओं को मिलेगा बेहतर भविष्यः विक्रांत सिंह



**खैरागढ़ 1 अक्टूबर।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम करममतरा में क्रीड़ामण्डल एवं समस्त ग्रामवासीयो के तत्वावधान में एकदिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए साथ ही अध्यक्षता जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह ने की कार्यक्रम का विधिवत पूजा अर्चना करते हुए उद्घाटन किया गया तत्पश्चात उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि आज के दौड़ में युवा कबड्डी के खेल से विमुख होते जा रहे हैं। जबकि पूर्वजों के जमाने से गांव देहात में कबड्डी खेले जाने का प्रचलन रहा है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं। जो शारीरिक और मानसिक विकास करने में सक्षम नहीं है। श्री सिंह ने आगे कहा कि करमतरा में ग्रामीणों द्वारा इस वर्ष रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजित किया जाना एक सराहनीय कदम है।इसी कड़ी में आयश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए खेल को मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अहम हिस्सा बताया इस दौरान श्रीमती लीला मिनेश साहू, जयप्रकाश साहू, यादवराम साहू, राधेचरण साहू, नरेंद्र साहू, हेमचन्द वर्मा, तिलक वर्मा, हरकराम साहू, तेजेश्वर साहू, परदेशी साहू, चन्द्रेश साहू, भूपेंद्र वर्मा, गजरु साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हिन्दी पखवाड़े के समापन पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**रायपुर, 1 अक्टूबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज यहां हिन्दी पखवाड़ा 2024 के समापन के अवसर पर ''कृषि पत्रकारिता में हिन्दी की भूमिका'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा थे। प्रो. शर्मा ने कहा कि भारत की अधिकांश आबादी कृषि पर आश्रित होने के कारण यहां की अर्थ व्यवस्था में कृषि का बहुत महत्व है और अधिकांश आबादी के संवाद की भाषा हिन्दी होने के कारण यहां हिन्दी कृषि पत्रकारिता की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। विशिष्ट वक्ताओं के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री शशांक शर्मा, श्री समीर दीवान तथा श्री प्रफुल्ल पारे ने कृषि के विद्यार्थियों के लिए कृषि पत्रकारिता की संभावनाओं, अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं राजभाष हिन्दी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा क ुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा एवं अनुसंधान में परस्पर सहयोग करने हेतु एक एम.ओ.यू. भी हस्ताक्षरित किया गया। समारोह में कृषि के नवीनतम ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को किसानों एवं आम जनता तक पहुंचाने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो. शर्मा ने कहा कि भारत की परंपराएं कृषि एवं ऋषि संस्कृति पर आधारित हैं।

# पखवाड़े में जनता को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए किया जा रहा प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के 3 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 20 से 30 सितम्बर 2024 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आयुष्मान भारत पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टोरेट परिसर से साईकल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साईकल रैली कलेक्टोरेट परिसर से ठाकुर प्यारे लाल चौक, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक, आंबेडकर चौक होते हुए वापस कलेक्टोरेट परिसर में समाप्त हुई। साईकल रैली में सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। साईकल रैली के माध्यम से प्राचार्यों एवं शिक्षकों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु सभी शेष रह गए छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने कहा गया। साथ ही आमजनों से अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने की अपील की गई।



# नगर निगम की सामान्य सभा में चार विषयों पर चर्चा उपरांत लिये गये निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक आज 30 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गयी, जिसमें 11 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाना था, बैठक निर्धारित समय में प्रारंभ हुई। बैठक के प्रारंभ में 1 घण्टे का प्रश्नकाल हुआ जिसमें पार्षदों द्वारा दिये गये प्रश्नों का प्रभारी सदस्यों ने उत्तर दिया, जिसके पश्चात विषय पर चर्चा शुरू हुई। 11 विषयो पर आयोजित बैठक में सभी विषयो में पार्षदों द्वारा चर्चाकर निर्णय लिया जाना था जिसमें विषय क्रं. 1 पुराना गंज चौक का नाम आचार्य श्री विद्यासागर चौक एवं गंज चौक में अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण में चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पास किया गया। इसी प्रकार विषय क्रं. 2 राजनांदगांव शहर स्थित तिरंगा चौक से गंज चौक तक मार्ग का नामकरण महेश पथ किये जाने विषय पर चर्चा उपरांत बहुमत से पारित किया गया एवं जी.ई.रोड ट्रांसपोर्ट नगर व बाईपास के लिये मुडने वाले रोड के चौक का नाम महाराजा रंजीतसिंह के नाम से किये जाने तथा मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक के नाम पर किये जाने विषय पर गहन चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया गया। सभी विषयों में सदस्यों के चर्चा उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया, उसके पश्चात निर्णय लिया गया। देर रात 9 बजे के पश्चात आज की बैठक स्थगित कर कल 1 अक्टूबर 2024 को पुनः 10:30 बजे से बैठक आहुत की जायेगी। बैठक में शेष 7 विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। आज की बैठक में निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता ने उपस्थित सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों व पत्रकार बंधुओं को स्वच्छता पखवाडा के तहत स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता अपनाने तथा स्वच्छता के लिये जागरूकता लाने शपथ दिलायी।

### पेनाल्टी शुट आउट में 3-2 से दुर्ग सेक्टर ने जीती प्रतियोगिता

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग विजेता एवं सरगुजा की टीम रही उपविजेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 1 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितम्बर तक प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल नंदेश्वर के मागदर्शन में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 सितम्बर को दोपहर 3 बजें से शुरू हुआ जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने सरगुजा की टीम को पेनाल्टी शुट आउट के माध्यम से 3-2 से हराकर राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का विजेता का खिताब अपने नाम किया वही सरगुजा की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के प्रथम सत्र के सेमीफायनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय विद्यालय के डोंगरगढ़ प्राचार्य, विभिन्न सेक्टरों से आये पर्यवेक्षक, क्रीड़ा अधिकारी सहित नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाश चौरड़िया, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकू, समाजसेवी महेन्द्र भाई पटेल, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जैन कुमार मेश्राम, विनित यादव, श्याम तिवारी, अजय यादव, अविनाश टेम्भुरकर उपस्थित थे। समस्त अतिथियों का महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामना दी। सेमीफायनल में दुर्ग एवं सरगुजा की टीम रही विजेता - 30 सितम्बर को आयोजित उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोतगिता का प्रथम सेमीफायनल मैच प्रातः 8 बजें से खेला दुर्ग एवं बिलासपुर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-0 से मैच

जीतकर फानयल में प्रवेश किया। इसी प्रकार द्वितीय सेमीफायनल मैच सरगुजा व बस्तर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें सरगुजा सेक्टर की टीम ने 2-0 से मैच जीतकर फायनल में अपनी जगह बनाई।

फायनल मैच में कड़ी टक्कर के बाद दुर्ग सेक्टर की टीम रही विजेता - प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 सितम्बर को दोपहर 03 बजें दुर्ग सेक्टर एवं सरगुजा सेक्टर की टीम के मध्य खेला गया। पूरा मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनो ही टीम ने निर्धारित समय पर लगातार गोल मारने हेतु काफी मेहनत की किन्तु अंत समय तक दोनो की टीमें गोल मारने में सफल नही हो पायी।

संपादकीय

# हर यात्रा का मकसद अपना फायदा होता है

राजनीतिक दल कहते कुछ है और उनका मकसद कुछ और होता है। वह बात तो इतनी बड़ी बड़ी करते हैं जैसे प्रदेश का भला चाहने वाला उनसे बढ़कर कोई नहीं है। हकीकत में जब वह सत्ता में रहते हैं तो वही सब होता रहता है और वह चुप्पी मारे बैठे रहते हैं। वह भी लोगों को बताते रहते हैं कि हम सत्ता में हैं तो रामराज है। हर दल जब सत्ता में रहता है तो मानकर चलता है कि रामराज तो तब ही रहता हैजब वह सत्ता में रहता है, जैसे वह सत्ता से बाहर हो जाता है तो रावण राज आ जाता है और वह खुद को राम समझने लगता है।छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने राज्य में न्याय यात्रा निकाली है। न्याय यात्रा के दूसरे दिन पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि कांग्रेस की न्याय यात्रा का मकसद राज्य की शांति को वापस लाना है। यह न्याय यात्रा मात्र छह दिन की है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष व नेता 130 किमी की पैदल यात्रा करेंगे। राज्य के लोगों के मन में सवाल तो उठेगा ही कि कांग्रेस के लिए कितना आसान है राज्य में शांति को वापस लाना। राज्य में कहीं भी कोई भी कांग्रेस नेता 130 किमी पैदल चल ले तो राज्य में शांति आ जाएगी। राज्य में शांति की वापसी इतनी सरल है तो राज्य में हजारों पुलिस बल की क्या जरूरत है। जब भी राज्य में किसी तरह की अशांति हो जाए तो किसी भी दल के नेता 130 किमी पैदल चल लें. हो जाएगी राज्य में शांति की वापसी। हकीकत में ऐसा होता नहीं है। कांग्रेस मानती है कि साय सरकार के आने से राज्य में अशांति बढ़ गई है, जिस दिन राज्य में कांग्रेस की सरकार आ जाएगी, राज्य में अपने आप शांति आ जाएगी। हर राजनीतिक दल को वहम रहता है कि वह सत्ता में नहीं है इसलिए राज्य में अशांति है। सत्ता में जो राजनीतिक दल है, उसे नाकारा, नाकाम, बताना है तो इसी तरह तो बताया जाता है कि राज्य में अपराध बढ़ गए हैं, सरकार रोक नहीं पा रही है।न्याय यात्रा के रायपुर जिला पहुंचने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा सरकार 9 माह में ही अलोकप्रिय हो गई है।सरकार से कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है,आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। विकास के काम ठप है,जनकल्याणकारी काम बंद है। सरकार में बैठे लोगों को कुछ सूझ नहीं रहा है कि क्या करना है। इनकी लापरवाही की सजा जनता को मिल रही है।कोई भी यात्रा निकाली जाती है तो उसका मकसद होता है जो दल सत्ता में है, उसे खराब बताना और अपनी पार्टी को उससे बेहतर बताना। सभी राजनीतिक दल यही करते हैं लेकिन कोई भी राजनीतिक दल महज कुछ किमी पैदल कर जनता को इतना प्रभावित नहीं कर पाता है कि वह जनता उसे अच्छा समझकर उसे अगले चुनाव में सत्ता सौंप दे। सभी राजनीतिक दल जनता को अपने काम से प्रभावित करने का प्रयास करते हैं. इस हिसाब से कांग्रेस को भी हक है कि वह वह जनता के हित में हड़ताल करे, राज्य बंद का आयोजन करे, न्याय यात्रा निकाले। लेकिन उसको यह वहम नहीं होना चाहिए कि वह ऐसा करके वह सरकार को नाकाम व असफल साबित कर देगी क्योंकि जनता के लिए तो सरकार भी काम करती रहती है, उसके काम से तो जनता प्रभावित होती है। जहां तक राज्य में अपराध होने का सवाल है या बढ़ने का सवाल है तो यह तो हर सरकार के समय होते हैं। हर सरकार इसे रोकने का प्रयास करती है। कई बार वह सफल नहीं होती है। इसका मतलब यह नहीं होता है कि सरकार प्रयास नहीं कर रही है अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। जनता भी समझती ह ै कि अपराध किसी सरकार के होने के कारण नहीं होते हैं, अपराध तो इसलिए होते हैं कि लोगों में विवाद होता है, रंजिश होती है, नशाखोरी के कारण होते हैं। दूसरों को डराने के लिए होते हैं। लोगों के नाराज होने के कारण होते हैं। गाली देने पर होते हैं। कई छोटे बड़े कारणों से अपराध हर सरकार में होते रहते हैं। इन्हें रोकना हर सरकार की जिम्मेदारी है,वह रोकने के लिए बहुत कुछ करती है। लेकिन वह हो जाते हैं, वह ऐसे अपराध होते हैं जिन्हें किसी भी दल की सरकार रहे नहीं रोके जा सकते।

अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस

# अहिंसा को जीवनशैली बनायें

ललित गर्ग



आज चारों तरफ हिंसा का बाहुल्य है। आज के युग तो अनावश्यक हिंसा का युग कहा जा सकता है। बिना मतलब जीवों की और आदमी की भी हिंसा हो रही है। हिंसा करना एक शौक बनता जा रहा है। धीरे-धीरे यह शौक आदमी की जीवनशैली बन रहा है। बिना किसी की हत्या किए आदमी को चैन नहीं मिलता। देश एवं दुनिया में जटिल होते हिंसक हालातों पर नियंत्रण के लिये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन 2 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाना हमारे लिये गर्व की बात है। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। गांधी के अनुयायियों एवं उनमें आस्था रखने वाले उन तमाम लोगों को इससे हार्दिक प्रसन्नता हुई है जो बापू के सिद्धान्तों से गहरे रूप में प्रभावित हैं, अहिंसा के प्रचार-प्रसार में निरन्तर प्रयत्नशील हैं। यह बापू की अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का बड़ा प्रमाण भी है। यह एक तरह से गांधीजी को दुनिया की एक विनम्र श्रद्धांजलि भी है। यह अहिंसा के प्रति समूची दुनिया की स्वीकृति भी कही जा सकती है।

महात्मा गांधी ने विश्व शांति, अहिंसा एवं आपसी सौहार्द की स्थापना के लिए देश-विदेश के शीर्ष नेताओं से मुलाकातें कीं, अहिंसक प्रयोग किये, भारत को अहिंसा के द्वारा आजादी दिलाई। उन्होंने आदर्श, शांतिपूर्ण एवं अहिंसक समाज के निर्माण के लिये वातावरण बनाया। सबसे पहले ह्यअहिंसा परमो धर्मः ह्न का प्रयोग हिन्दुओं के पावन ग्रंथ ह्यमहाभारतह्न के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी महात्मा गांधी ने। गांधी ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ महात्मा गांधी का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। ह्यआत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत्ह्नह्न इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।

हमारे लिये यह सन्तोष का विषय इसलिये है कि अहिंसा का जो प्रयोग भारत की भूमि से शुरू हुआ उसे संसार की सर्वोच्च संस्था ने जीवन के एक मूलभूत सूत्र के रूप में मान्यता दी। हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा का समर्थन करते हैं। पडौसी देश के साथ भी लगातार अहिंसा से पेश आते रहे हैं, लेकिन उन्होंने हमारी अहिंसा को कायरता समझने की भूल की है।

हिंसकवृत्ति आदमी को एक दिन कालसौकरिक कसाई बना देती है, कंस बना देती है, रावण बना देती है। एक ऐसा हिंसक समाज बन रहा है, जिसमें कुछ लोगों को दिन भर में जब तक किसी को मार नहीं देते, उन्हें बेचैनी-सी रहती है। इतिहास में ऐसे कुछ विकृत दिमाग के लोग हुए हैं, जिन्हें यातना देकर किसी को मारने में आनंद आता था। अपने शौक को पूरा करने के लिए वे कारागृह में लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरते थे और प्रतिदिन उनमें से कई को वीभत्स तरीके से मारते थे। इसमें उन्हें एक अव्यक्त आनंद की अनुभूति होती थी। सैमुबल बेकेट का मार्मिक कथन है कि आंसू बहना इस दुनिया में कभी नहीं थमता। एक शख्स की आंख में वह थमता है तो कहीं और किसी दूसरे की आंख में बहने लगता है। लेकिन यही बात हंसी पर भी लागू होती है ह्न हिंसा के माहौल में अहिंसा के दीपक भी यत्र-तत्र प्रज्ज्वलित होते ही है। भले ही अहिंसा एवं शांति की लौ धीमी हो, लेकिन यह हिंसा एवं अशांति से कहीं बेहतर एवं कारगर है। अहिंसा दिवस की आयोजना इस मद्धिम होती रोशनी को तीव्र करने की प्रेरणा देती है। जिनकी जीवनशैली हिंसाप्रधान होती है, उनकी दृष्टि में हिंसा ही हर समस्या का समाधान है। हिंसा एक मिथ्यादर्शन, किन्तु हिंसकवृत्ति के लोगों ने उसे सम्यक्दर्शन बना दिया है। जो जितनी बड़ी हिंसा करता है, उसे उतना ही सफल माना जाने लगा है। राजनीति में तो हिंसा जीत का हथियार बन गयी है। बड़े राष्ट्र इसी तरह की हिंसा के बल पर दुनिया पर अपना आधिपत्य करते हैं। बात शांति की हो, अहिंसा की हो और मार्ग हिंसा एवं अशांति का चुने तो यह कैसे संभव हो सकता है। अहिंसा एवं शांति को चाहने वालों जागरूक होना होगा और इसके लिये महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन एवं सिद्धान्तों को सामने रखना होगा। गांधी ने कहा भी है कि अहिंसा ही धर्म है, वही जिन्दगी का एक रास्ता है। अध्यात्म के आचार्यों ने हिंसा और युद्ध की मनोवृत्ति को बदलने के लिए मनोवैज्ञानिक भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा है- युद्ध करना परम धर्म है, पर सच्चा योद्धा वह है, जो दूसरों से नहीं स्वयं से युद्ध करता है, अपने विकारों और आवेगों पर विजय प्राप्त करता है। जो इस सत्य को आत्मसात कर लेता है, उसके जीवन की सारी दिशाएं बदल जाती हैं। वह अपनी शक्तियों का उपयोग स्व-पर कल्याण के लिए करता है। जबकि एक हिंसक अपनी बुद्धि और शक्ति का उपयोग विनाश और विध्वंस के लिए करता है। पडौसी देश पाकिस्तान ऐसा ही करता रहा है, उसको अपनी अवाम के बारे में सोचना चाहिए। शायद वह कभी भी हिंसा एवं युद्ध नहीं चाहती है। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए अहिंसा से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। इस दृष्टि से अहिंसा दिवस सम्पूर्ण विश्व को अहिंसा की ताकत और प्रासंगिकता से अवगत कराने का सशक्त माध्यम है। वस्तुतः अहिंसा मनुष्यता की प्राण-वायु ऑक्सीजन है। प्रकृति, पर्यावरण पृथ्वी, पानी और प्राणिमात्र की रक्षा करने वाली अहिंसा ही है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुई, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। आज यदि विश्व 2 अक्टूबर को अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है, तो इसमें कोई अचंभे वाली बात नहीं है। यह गांधीजी का नहीं बल्कि अहिंसा का सम्मान है। अहिंसा दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उसे अपनी जीवनशैली बनायेंगे।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आप अपने कामों में सुधार लाने की कोशिश करेंगे, जिसके लिए आपको थोड़ा सा सावधान रहना होगा। आपकी माताजी आपसे किसी जरूरी बात को लेकर बातचीत कर सकती हैं, जिससे आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। यदि आप किसी नए घर की खरीदारी करना चाहते हैं, तो उसके लिए आपको कोई लोन आदि लेना पड़ सकता है। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा।

वृष- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा, क्योंकि उन्हें काम के साथ-साथ अपने बॉस का भी पूरा साथ मिलेगा, जो उनके कामों में उनकी पूरी मदद करेगा। आपको बिजनेस में भी मन मुताबिक लाभ मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी मेहनत अधिक करनी होगी, तभी वह अपने प्रोडक्ट को अच्छा दिखा सकेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने कामों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे, जिससे उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको कोई निवेश सोच समझकर करने की आवश्यकता है, जिसे आप लंबे समय तक के लिए ना करें। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को किसी बात को लेकर समस्या होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों के लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी मन कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आपको बिजनेस में योजनाओं पर भी ध्यान देना होगा। आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप यदि कोई जोखिम भरा निर्णय लेंगे, तो उससे आपको नुकसान हो सकता है। विद्यार्थियों का मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। माताजी की आपसे किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपकी संतान को नौकरी की किसी परीक्षा में भाग लेने का मौका मिलेगा। आपको उनके करियर को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी और पिताजी से आप बिजनेस को लेकर कोई राय ले सकते हैं, जो आपके खूब कामएगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में न लें, नहीं तो उसमें गड़बड़ी होने से आपको पछतावा हो सकता है। पैतृक संपत्ति के आपको मिलने की संभावना है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर धैर्य और संयम दिखाने की आवश्यकता है। जीवनसाथी के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपनी संतान से कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत करेंगे।

तुला- आज आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और आप जिस योजना में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आज आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक क्षेत्रों में जो लोग कार्यरत हैं, उन्हें थोड़ा सा सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि उनके ऊपर जिम्मेंदारियों का बोझ डालकर उनके लिए कोई पॉलिटिक्स की जा सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से माफी मांगनी पड़ सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आपका कुछ नया करने का मन करता करेगा और आप संतान की फरमाइश पर किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। जीवनसाथी आपसे अपने प्यार का इजहार करने के लिए उनके लिए कोई सरप्राइस प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में जुटने की आवश्यकता है, तभी वह परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर मिल सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। नौकरी में आपके ऊपर जिम्मेदारियां का बहुत अधिक बोझ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको मित्रों का सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। यदि आपका काम कहीं रुका हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से बहुत से छुटकारा मिलेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप संतान की उम्मीदों पर खरी उतरेंगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। नौकरी में आपको कामों में एक नई पहचान मिलेगी और आपके बॉस भी हैरान रहेंगे। आप अपने अनुभवों का पूरा लाभ उठाएंगे। वैवाहिक जीवन में किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर बातचीत हो सकती है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। भाई बहन आपसे यदि किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत करें, तो आप उचित सलाह अवश्य दें। आपको किसी से कोई धन संबंधित मदद लेनी पड़ सकती है।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपको साझेदारी में कोई काम करना बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से अपने मन की बातों को कहने का मौका मिलेगा, जिसमें दोनों एक दूसरे के साथ काफी समय व्यतीत करेंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी और आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा होने में आपको समस्या दे सकता है।

मीन- मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। काम अधिक रहने के कारण व्यस्तता अधिक रहेगी। आपके कुछ नए काम आ सकते हैं, जिनकी आपने उम्मीद भी नहीं की थी। पारिवारिक जीवन में आपको कोई भी ऐसी बात नहीं बोलनी है, जो उन्हें बुरी लग जाएं, नहीं तो आपके बेवजह लड़ाई झगड़ा बढ़ाने की संभावना है। संतान के करियर को लेकर आपके पास कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। नौकरी में बदलाव के बारे में सोच रहे लोगों को कुछ कठिनाइयां आ सकती है।

## खिड़की से आती रोशनी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

सुबह का समय था। सुबह की रोशनी ने मेरे कमरे को सुनहरे रंग में रंग दिया था। धूप की किरणें जैसे मेरी आत्मा को छू रही थीं, मन को हल्का कर रही थीं। मैंने सोचा, कितनी खुशनुमा सुबह है। क्या आज कुछ खास होगा? इतने में मेरी आंखें बंद हो गईं, और मेरे मन में एक अजीब-सी आवाज गूंज उठी, आंखें खोलो, मैं यीशु हूँ! मैंने झिझकते हुए अपनी आंखें खोलीं। सामने एक आकृति थी, जो पवित्रता और करुणा का प्रतीक थी। मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। आप कौन हैं? मैंने दबी आवाज में पूछा। डरो मत। मैं तुम्हें एक अनोखी राह दिखाने आया हूँ, उन्होंने कहा। क्या दिखाएंगे, प्रभु? मैंने भयभीत होकर पूछा। महंगाई इतनी बढ़ गई है, रोजी-रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो रहा है। मैं तुम्हें काम नहीं, एक आइडिया देना चाहता हूँ, उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा। आइडिया? मैंने कहा, क्या करूँगा मैं आइडिया से? मुझे तो काम की जरूरत है। काम, नौकरी, ये सब बातें पुराने जमाने की हैं। तुम्हें खुद को आत्मनिर्भर बनाना होगा। जब सब तुम्हें नजरअंदाज करने लगें, तब एक ही रास्ता बचता है—अपने आपको यीशु का अवतार घोषित कर दो!







इस पर मैंने आश्चर्य से कहा, क्या? यह कैसे हो सकता है? लोग तुम्हें पूजने लगेंगे। उन्हें विश्वास होगा कि तुम आए हो। उन्होंने आगे कहा, तुम्हें बस कहना है कि तुम अवतरित हुए हो। कोई सवाल नहीं करेगा। तुम बड़े हो जाओगे, मंदिर बनेंगे तुम्हारे लिए। लेकिन मैं हंसने लगा। मैं कैसे अवतार हो सकता हूँ? मुझे तो कोई जानता भी नहीं! इसका डर मत करो। लोग बहरूपियों को भी पूजते हैं। तुम बस विश्वास रखो। लोग तुमसे प्रसाद लाएंगे, तुम्हारी आरती करेंगे। तुम बस इस भूमिका में रहो। तुम एक नया भगवान बन सकते हो। मेरे मन में सवाल था—क्या मैं इस तरह खुद को महान बना सकता हूँ? फिर मैंने देखा, मेरी नजरें उसके चेहरे पर थीं, लेकिन मेरी आत्मा कहीं खो गई थी। पर प्रभु, ये सब क्या सही है? क्या मैं सच में लोगों को धोखा दे सकता हूँ? मैंने कहा। यह तुम्हारी कहानी है। यह तुम्हारी पहचान है। तुम इसे अपना लो, उन्होंने कहा और अचानक गायब हो गए। अब मैं खिड़की से आती धूप को देख रहा था, जो मुझे अंधेरे से निकालने का प्रयास कर रही थी। लेकिन क्या मैं सच में इस धूप का हकदार था? क्या मैं खुद को यीशु मानने का साहस कर सकता था? ये सवाल मुझे परेशान कर रहे थे। मैंने अपने आसपास देखा। मुस्ताक, मेरा पड़ोसी, चिल्ला रहा था, क्या कर रहा है बे, सो गया क्या? मैंने उसे बताया कि मैं अब यीशु का अवतार हूँ। उसने हंसते हुए कहा, तू? अवतार? मजाक कर रहा है?

उसकी हंसी मेरे दिल में एक चुभन छोड़ गई। क्या मैं सच में इतना हंसने लायक हूँ? क्या लोग मेरी इस भूमिका को स्वीकार करेंगे?

धूप की किरणें अब भी मेरे चेहरे को छू रही थीं, लेकिन मेरी आत्मा का अंधेरा कम नहीं हो रहा था। क्या मैं अवतार बनकर भी अपनी असली पहचान से भाग सकता था? आंसू मेरी आंखों में थे, और दिल में एक अजीब-सी वेदना। क्या मैं खुद को बचा पाऊंगा? या ये सब सिर्फ एक छलावा है?

जयन्ती

# महाराजा अग्रसेन समाजवादी व्यवस्था के महासूर्य

ललित गर्ग

कुशल शासकों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी होता है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। ऐसे शासकों से न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति भी समृद्ध और शक्तिशाली बनती है। ऐसे शासकों की दृष्टि में सर्वोपरि हित सत्ता का न होकर समाज एवं मानवता होता है। ऐसे ही महान शासक थे महाराजा अग्रसेन। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निमार्ता भी थे। वे समाजवाद के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी व शांति के दूत थे। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दशार्या। उस युग में न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती हर वर्ष 1 अक्टूबर को मनाई जा रही है।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को मयार्दा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चैंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5187 वर्ष पूर्व हुआ था। वर्तमान में राजस्थान व हरियाणा राज्य के बीच सरस्वती नदी के किनारे प्रतापनगर स्थित था। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। महाराजा अग्रसेन ने एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और दूसरी ओर देशकाल के परिप्रेक्ष्य में नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ कर-के उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है। वर्तमान में भी उनके वंशजों की बड़ी तादाद होने और राष्ट्र के निर्माण में उनका सर्वाधिक योगदान होने के बावजूद न तो उस महान शासक को और न ही उनके वंशजों को सम्मानपूर्ण प्रतिष्ठा प्राप्त हो पा रही है। अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ। महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने कुशलतापूर्वक राज्य का संचालन करते हुए विस्तार किया तथा प्रजा हित में काम किए। वे धार्मिक प्रवृत्ति के पुरुष थे। धर्म में उनकी गहरी रुचि थी और वह साधना में विश्वास करते थे इसलिए उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले। गोत्रों के नाम गुरुओं के गोत्रों पर रखे गए। महाराज अग्रसेन ने समाजवादी शासन व्यवस्था की स्थापना की, जिसमें किसी भी व्यक्ति की कोई आर्थिक हानि होती तो वह राजा से ऋण ले सकता था। सम्पन्न होने पर वापस दे देता था। महाराजा अग्रसेन ने 18 यज्ञ किए क्योंकि ब्राह्मण लोग अति संतोषी, यजमान के सिवाय दूसरे का दान न लेने वाले होते थे। यज्ञों द्वारा उनकी धन आदि की इच्छा पूरी हो जाती थी। हर व्यक्ति भगवान के नाम पर अपने राज्य और धार्मिक कार्यों के लिए अपनी आमदनी का दसवां भाग निकालता था। राज्य का हर व्यक्ति अपनी आजीविका अन्य साधनों या किसी व्यापार द्वारा करते थे परन्तु राष्ट्र पर विपत्ति आने के समय सब वर्ग के लोग हथियारों से युद्ध को तैयार हो जाते थे। समाज व्यववस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। एक बार यज्ञ में बली के लिए लाए गये घोड़े को बहुत बेचैन और डरा हुआ पा उन्हें विचार आया कि ऐसी समृद्धि का क्या फायदा जो मूक पशुओं के खून से सराबोर हो। उसी समय उन्होंने पशु बली पर रोक लगा दी। इसीलिए आज भी अग्रवंश समाज हिंसा से दूर ही रहता है। उनकी दण्डनीति और न्यायनीति आज प्रेरणा है उस संवेदनशून्य व्यक्ति और समाज के लिए जो अपराधीकरण एवं हिंसक प्रवृत्तियों की चरम सीमा पर खड़ा है। व्यक्तित्व बदलाव का प्रशिक्षण अग्रसेनजी की बुनियादी शिक्षा थी। आज की शासन-व्यवस्थाएं अग्रसेनजी की शिक्षाओं को अपनाकर उन्नत समाज का निर्माण कर सकती है। अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों के नए संदर्भ जुड़े। परम्परा प्रतिष्ठित हुई। रीति-रिवाजों का स्वरूप सामने आया। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता दिखलाई। महाराज अग्रसेन के राज की वैभवता से उनके पड़ोसी राजा बहुत जलते थे। इसलिये वे बार-बार अग्रोहा पर आक्रमण करते रहते थे। बार-बार हार के बावजूद वे अग्रोहा पर आक्रमण करते रहे, जिससे राज्य की जनता में तनाव बना ही रहता था। इन युद्धों के कारण अग्रसेनजी के प्रजा की भलाई के कामों में विघ्न पड़ता रहता था। लोग भी भयभीत और रोज-रोज की लडाई से त्रस्त हो गये थे। एक बार अग्रोहा में बड़ी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोडी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार, देश की कुल इनकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का हैं। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्रवंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत सहयोग रहता है। बावजूद इसके देश की सरकारों ने उस महामानव एवं महान शासक की स्मृति में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किये हैं, यह देश की सबसे समृद्ध, बौद्धिक एवं क्रियाशील कौम के प्रति पक्षपात ही कहा जायेगा। कभी किसी अवसर पर डाक टिकट का जारी हो जाना या किसी विशेष तेल वाहक पोत (जहाज) का नाम महाराजा अग्रसेन रखा जाना बहुत नगण्य कार्य हैं। उस महामानव को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश की बड़ी जन-कल्याणकारी योजनाएं उस महान शासक के नाम पर हो, किसी एक महत्वपूर्ण ट्रेन का नाम अग्रसेन एक्सप्रेस रखा जाये। राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की राजधानियों में मुख्य मार्गों के नाम भी अग्रसेन मार्ग रखे जाये।अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर अग्र-वंशजों को भी संकल्पित होना है। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रवालों ने अपनी पहचान बनायी है उस तस्वीर में अब कल्पना के रंग भरने की जरूरत ही कहां है? उसे तो यर्थाथता की जमीं दे। अतीत, वर्तमान और भविष्य के कालखण्ड से जुड़ी संस्कृति की समीक्षा करें और यह देखें कि निर्माण के नए दीए हमने कब और कहां, कितने और कैसे जलाने हैं ताकि अग्रवंश की दीये से दीया जलाकर रोशनी की परम्परा को सुरक्षित रखा जा सके। अग्रवंशजों को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को स्वतंत्र पहचान देनी है, देखने में आ रहा है कि वे विखंडित होकर दूसरी-दूसरी परम्पराओं को समृद्ध बना रहे हैं। स्वयं संगठित होकर ही महाराज अग्रसेन के सपनों को साकार कर सकेंगे और तभी अपनी शक्ति एवं समृद्धि से राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकेंगे और यही उस महान समाज-निमार्ता शासक के प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि होगी।



एक नजर

## ''वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी'' स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन 10 अक्टूबर तक आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 1 अक्टूबर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष कर वीरता साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष ''वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी'' स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाना है, इसके तहत महिला को 2 (दो) लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जावेगा। इस संबंध में आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग में उपलब्ध है। इसके अलावा सभी प्रविष्टियां 10 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत की जा सकेंगी।

## बस्तर ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

**जगदलपुर 1 अक्टूबर।** बस्तर ओलम्पिक 2024 के आयोजन बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनकी रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के समस्त जिलों में बस्तर ऑलम्पिक, 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक का मुख्य आयोजक विभाग गृह (पुलिस) विभाग तथा खेल-प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग नोडल होगा। इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटि, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी वेटलिफ्टिंग कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। नक्साल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की प्रस्तावित तिथि 01 से 10 नवम्बर, 2024 के मध्य एक दिवसीय, जिला स्तरीय आयोजन तिथि 10 से 22 नवम्बर, 2024 के मध्य अधिकतम 02 दिवसीय एवं संभाग स्तरीय आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में तिथि 25 से 30 नवम्बर, 2024 के 03 दिवसीय आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। बस्तर ओलम्पिक हेतु पंजीयन प्रक्रिया 01 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक की जाएगी। इस आयोजन में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी हो, इस हेतु व्यापक पंजीयन तथा अन्य आरम्भिक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत बस्तर संभाग के समस्त विकासखण्ड में 01 से 20 अक्टूबर 2024 तक खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाना निर्धारित है। उपरीका पंजीयन प्रक्रिया मेनुअल (ऑफलाईन) तथा ऑनलाईन दोनों माध्यम से किये जाने की सुविधा खिलाड़ियों की दी जा रही है।

## कमिश्नर ने किया तहसील और अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण

**जगदलपुर 1 अक्टूबर।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने जगदलपुर तहसील और अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का सोमवार की शाम औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर श्री सिंह ने जगदलपुर तहसील कार्यालय में तहसील न्यायालय जगदलपुर, फ्रेजरपुर, नजूल न्यायालय, भुईया शाखा, नायब नाजिर, आरटीआई शाखा, लोकसेवा केंद्र की सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व प्रकरण, दांडिक प्रकरण, सीमांकन के प्रकरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरण की लंबित प्रकरणों का संज्ञान लिया। लंबित प्रकरणों में देरी की वजह का भी उन्होंने संज्ञान लेकर प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने एक-दो वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों, प्राकृतिक आपदा और अनाधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा करने या रखने वाले व्यक्तियों की बेदखली और उन पर शास्ति, धारा 114 के अधीन तैयार भू-अभिलेख संबंधी कागजात में गलत प्रविष्ट का सुधार, भू-राजस्व के बकाया वसूली नामांतरण, सीमांकन, विभाजित खाता विभाजन, प्रकरणों को प्राधिकृत अधिकारी के साथ कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत होने के निर्देश दिए। उन्होंने दांडिक प्रकरणों में 6 माह पूर्व के प्रकरणों को बॉडओवर करने तथा नियमित रूप से रिकॉर्ड रूम में रिकॉडों को रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत कमिश्नर श्री सिंह ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी जगदलपुर के कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों से उनके दायित्व की जानकारी ली, एसडीएम कोर्ट का अवलोकन किया। कार्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों के लिये की जा रही कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम का भी जायजा लिया और रिकॉर्ड की बेहतर रख-रखाव के लिए समय समय पर रूम की सफाई और दवाईयों का छिड़काव करवाने कहा। कमिश्नर ने दोनों कार्यालय परिसर की साफ-सफाई को नियमित करवाने कहा, इसके लिए माह के एक-दो शनिवार को निर्धारित कर सभी कर्मचारी अपने कार्यालय स्थल की साफ-सफाई करने की कोशिश करें। इसके अलावा कमिश्नर ने कार्यालय परिसर के खाली जगह में गार्डन के रूप में विकास करवाने के निर्देश दिए।

## जन योजना अभियान के लिए अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर 1 अक्टूबर।** जन योजना अभियान 2024-25 के तहत जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में नोडल अधिकारियों एवं फैसिलिटेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप संचालक पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के विभिन्न चरणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारियों और फैसिलिटेटरों को जन योजना अभियान के उद्देश्यों, योजना निर्माण की प्रक्रिया और उसके कुशल क्रियान्वयन पर गहन जानकारी दी गई। श्री आशीष ठाकुर ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को पंचायत निर्णय मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग के बारे में भी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया, जो पंचायत निर्णयों को सुलभ और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# ग्रामीणों ने की कोर्रा और कोंडरे लेम्प्स में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग

**किसानों को धान बेचने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 1 अक्टूबर।** जिले के गादीरास तहसील क्षेत्र अंतर्गत कोर्रा और कोंडरे लेम्प्स में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा कई वर्षों कर रहे है। किसानों की मांग है कि गादीरास धान खरीदी केंद्र काफी दूर होता है जिसकी वजह से किसानों को धान बेचने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस क्षेत्र के किसान नई धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं। सोमवार को जिला पंचायत सदस्य रामा सोड़ी व क्षेत्र के सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कोर्रा और कोंडरे लेम्प्स में नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की। वहीं



क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रामा सोड़ी ने 07 सालों से धान खरीदी केन्द्र खोलने के लिए शासन-प्रशासन को इस क्षेत्र के किसान धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व की सरकार व प्रशासन ध्यान नहीं दिया है। शासन- प्रशासन से मांग है कि इस सत्र 2024 में इन दो जगहों पर नवीन धान खरीदी केन्द्र खोला जाए। उन्होंने कहा कि अगर धान खरीदी केंद्र खुलता है, तो इससे क्षेत्र के किसानों को काफी ज्यादा लाभ होगा, क्योंकि धान खरीदी केंद्र दूर होने से यहां के किसानों को बेवजह समय व अतिरिक्त रूप से आर्थिक नुकसान होता है, क्योंकि धान को परिवहन करके 20 किमी ले जाने का खर्च बढ़ जाता है।किसानों के हितों को देखते हुए शासन को नए धान खरीदी केंद्र खोल के किसानो को इसका लाभ मिलेगा। कोर्रा लेम्प्स अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोर्रा, चिंगावरम, डोडपाल, मारोकी आदि पंचायतों के हिसाब से लगभग 60 ग्राम के किसान आते हैं। गादीरास लेम्प्स से दूरी अधिकांश गांवो की 15 से 20 किमी. हैं, इसलिए कोर्रा लेम्प्स में धान केन्द्र खोलने की अति आवश्यकता हैं। वहीं कोन्डरे लेम्प्स अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोन्डरे, गोंदपल्ली, बड़ेसट्टी बोड़को, जीरमपाल आदि गांव के हिसाब से देखे तो 50 से 60 गांव आते हैं। इसलिए पृथक लेम्पस खोलना जरूरी हैं।

# भर्ती में हेराफेरी,कोर्ट के लिपिक व भृत्य समेत 5 गिरफ्तार

**उत्तर पुस्तिका बदलने का मामला**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 अक्टूबर।** जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी कर उत्तर पुस्तिकाएं बदलने के आरोप में पुलिस ने न्यायालय में ही पदस्थ लिपिक पूरनचंद यादव व भृत्य गणेश मरकाम समेत 5 उम्मीदवारो को गिरफ्तार कर सोमवार 30 सितंबर को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली की अदालत में पेश किए किया गया गया जहां से सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। दंतेवाड़ा टीआई विजय पटेल ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय में स्टेनोग्राफर व सहायक ग्रेड 3 के कुल 5 पदों की भर्ती के लिए 25 अगस्त को लिखित परीक्षा हुई थी। इसके बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर 14 सितंबर को



कौशल परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद स्ट्रांग रूम में रखी गई उत्तरपुस्तिकाओं के बदले जाने का संदेह हुआ। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी।





सीसीटीवी फुटेज से मिले क्लू के आधार पर आरोपियों से पूछताछ की गई। इस पर लिपिक पूरनचंद्र यादव व भृत्य गणेश मरकाम की संलिप्तता उजागर हुई, जिन्होंने लाइट्स और सीसीटीवी कैमरे बंद कर इस घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में एक-एक अभ्यर्थी से 5-5 लाख रुपए में सौदा होने और कुछ रुपए एडवांस में लेने का खुलासा हुआ। आरोपियों के पास से 1 लाख 28 हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं। आरोपी लिपिक व भृत्य के अलावा 2 महिला व एक पुरुष अभ्यर्थी को भी मामले में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में बीएनएस की धारा 61, 318, 334, 333, 338 व 340 के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया गया है। न्यायालय में लिपिक भर्ती परीक्षा में लेनदेन का मामला सामने आने पर हड़कंप मचा हुआ है। लोग भी हैरान हैं की न्यायालय जैसे जगह पर इस तरह की धांधली कैसे किया जा सकता है। आम जनता का सबसे ज्यादा भरोसा जिस संस्था पर होता है वह न्यायालय ही होता है। बहरहाल समय से पूर्व मामले का खुलासा हो जाने से षड्यंत्रों लिप्त सभी आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया और उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। यह एक सकारात्मक तथा सुकून देने वाली बात बेरोजगार युवा पीढ़ी के लिए अवश्य होगी। इस तरह से कूट रचना कर, शॉट कट तरीके अपनाकर दूसरे का हक मारकर नौकरी हथियाने वालो के विरुद्ध इसी तरह की करवाई होनी चाहिए। दंतेवाड़ा पुलिस ने समय रहते तत्परता दिखाते सभी आरोपियों को पकड़ा और उन्हें उनके सही जगह पहुंचाया इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

# चोरी करने वाले नाबालिग बालक को बचेली पुलिस ने संप्रेक्षण गृह भेजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 1 अक्टूबर।** 29 सितंबर को प्रार्थिया श्रीमती गीता विश्वकर्मा निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी बचेली ने धाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 27.09.2024 के शाम 7.00 बजे से दिनांक 28.09.2024 के सुबह 09.30 बजे के मध्य रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थिया के घर के दरवाजा में लगे इंटरलॉक दरवाजा को तोड़कर आलमारी में रखे डायमंड नेकलेस, सोने चांदी एवं 01 नग सेमसंग कंपनी का 32 इंच एलईडी टी0 वी0 कुल कीमती 223000/-रूपये को चोरी कर ले गया है के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत करने पर थाना बचेली में अपराध पंजीबद्ध कर घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों एवं बस्तर रेंज के समस्त थाना को सूचित किया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा- निदेशानुसार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) स्मृतिक राजनाला, श्रीमान



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मार्गदर्शन में चोरी गई डायमंड, सोना-चांदी व टी0वी0 एवं अज्ञात चोर की पतासाजी दौरान वार्ड क्रमांक 01 छन्नूपारा बचेली में संदेही व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक 27.09.2024 के रात्रि लगभग 02.00 बजे प्रार्थिया के मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घूसकर 01 नग सेमसंग कंपनी का 32 इंच एलईडी टी0 वी0 एवं आलमारी में रखे डायमंड नेकलेस, सोने चांदी के जेवरात को चोरी कर अपने घर में ले जाकर छुपाकर रखना बताया जिसके द्वारा निकालकर पेश करने पर चोरी गई सम्पत्ति को बरामद किया गया। उक्त कृत्य को नाबालिक बालक द्वारा किये जाने से माननीय किशोर न्याय बोर्ड दंतेवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में सउनि. ज्योति बंजारे, सोहन ठाकुर, प्रधान आरक्षक संतोषी ध्रुव, आरक्षक डमरूधर कश्यप की सराहनीय भूमिका रही।

## राष्ट्रीय पोषण माह में जन समुदाय में प्रभावी व्यवहार परिवर्तन के लिए जारी हैं पोषण गतिविधियां

**दंतेवाड़ा, 1 अक्टूबर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक ''सक्षम सप्ताह'' के आयोजनों के तहत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण अभियान को जन समुदाय तक पहुंचाने, और उनमें प्रभावी व्यवहार परिवर्तन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इनमें एनीमिया रोकथाम, षिषुओं में वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, ''पोषण भी पढ़ाई भी थीम'' कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसी गतिविधियां मुख्य है। सक्षम सप्ताह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना का भी सहयोग लिया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में की गई साफ-सफाई

**दंतेवाड़ा, 1 अक्टूबर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि सरकारी कार्यालयों में भी कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि स्वच्छ वातावरण में कार्य करने जज्बा हर कर्मचारी में जागे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर 2024 तक सम्पूर्ण जिले में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में आज कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय परिसर में अपर कलेक्टर ने दिया स्वच्छता का संदेश स्वच्छता अभियान चलाते हुए सभी विभागों अधिकारी व कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्यालय परिसर और परिसर में स्थित बगीचे की साफ सफाई की गई। और वहां मौजूद लोगों को स्वच्छता के बारे में समझाइए दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे ने कहा कि 'प्रत्येक व्यक्ति को सफाई अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है अतः प्रतिदिन अपने घर और आसपास सफाई रखने हेतु श्रमदान करे।

## ग्राम पंचायत कासोली-2 का आश्रित ग्राम जापोड़ी बना हर घर जलप्रमाणित ग्राम

**दंतेवाड़ा, 1 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, निखिल कंवर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड गीदम के ग्राम जापोड़ी में ''जल उत्सव'' का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कमला नेताम, सचिव श्री सोनाधर यादव द्वारा ग्राम जापोड़ी को ''हर घर जल'' ग्राम घोषित किया गया। इस ''जल उत्सव'' में उल्लासित ग्रामीण जनों के मध्य महिला सरपंच श्रीमती कमला नेताम ने कहा कि हमने कभी सोचा ही नहीं था कि कभी हमारे गांव के हर घर आंगन में नल लगेगा और पीने का साफ पानी मिलेगा। हमारी पीढ़ियां नदी, कुआं, चूआं, हैंडपंप में दूर दूर तक पीने का पानी लाने जाते थे, जल जीवन मिशन के आने से हमारे घरों में जैसे बहुत सारी खुशियां आ गई है और गांव की सभी महिलाएं बहुत खुश हैं। इस ''जल उत्सव'' कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता श्री देवेन्द्र आर्मो ने ''जल जीवन मिशन'' के शुभारंभ हेतु सभी ग्रामीणों को बधाई देते हुए योजना के संचालन और आवश्यकतानुसार विभागीय सहयोग करने तथा आईएसए जिला परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल जीवन मिशन योजना संचालन एवं प्रबंधन हेतु ग्राम जल स्वच्छता समिति, पानी व निगरानी समिति और प्लंबर के जिम्मेदारियों के बारे में बताया।

**शिक्षकों की कमी के चलते कक्षा 10 वीं तक लेते हैं क्लास**

# अनुदेशकों ने वेतनवृद्धि एवं नियमितीकरण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 1 अक्टूबर।** वर्ष 2009 में नक्सल पीड़ित शाला त्यागी बच्चों को देखने एवं पढ़ाई की व्यवस्था करने के लिए अनुदेशकों के पद पर वर्ष 2009 में भर्ती की गई। यह शिक्षक पोटाकेबिनों में 14 वर्ष से सेवा देते आ रहे हैं, लेकिन अब तक इन शिक्षकों की नियमित कारण नहीं होने से नाराज अनुदेशकों ने शासन प्रशासन से नियमित शिक्षक के रूप में नियुक्त करने की मांग की। जबकि सालों से नियमित शिक्षकों की तरह सेवा देते आ रहे हैं, अगर हमारी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में संगठन के नेतृत्व में आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उक्त मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश अनुदेशक, भृत्य कल्याण संघ बस्तर संभाग के बैनर तले कलेक्टर को 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले भर के अनुदेशक मौजूद थे। जिला




अध्यक्ष मडकाम भीमा ने बताया कि बस्तर संभाग में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2009-10 से आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन संचालित है जिससे लगभग 40000 छात्र-छात्राओं को शिक्षा के मुख्य धाराओं से जोड कर अध्यापन का कार्य अनुदेशक शिक्षक के द्वारा कराया जाता है, जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाएं संचालित होते है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इन संस्थाओं का शैक्षणिक परिणाम संतोषप्रद होने पर छग शासन ने पोटाकेबिनों को हाई स्कूलों में उन्नयन किया गया है एवं अनुदेशक शिक्षक द्वारा शैक्षणिक कार्य के साथ साथ प्रतियोगिता परीक्षा, नवोदय, कोचिंग कक्षाएं, कम्प्यूटर शिक्षा, स्वास्थ्य देख-रेख एवं समय- समय पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन, एवं 24 घंटे संस्था में निवास करते हुए पूर्ण कालिन सेवा दी जाती है तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी नव प्रवेशी शाला त्यागी एवं अप्रवेशी शिक्षा से वंचित बच्चो का अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में जाकर सर्वे कर संस्था में उक्त बच्चो का शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुये संस्था में दाखिला कराया जाता है।

> जिले में डी.एम.एफ मद से 2500 रूपये अतिरिक्त मानदेय दिया जाता है, इस प्रकार से सुकमा जिले में भी डी.एम.एफ मद से अतिरिक्त दिया जाए। वर्तमान में 10 हजार रूपये मानदेय ,राशि दी जाती है, जो बहुत ही काम है, जिससे परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा शिक्षकों की कमी के चलते कई वर्षों से स्कूल कक्षा दसवीं तक के क्लास लेने के लिए निर्देशित किया जाता है।
>
> **अनुदेशक ज्योति तिवारी बीजापुर**

समाचार संक्षेप

## नरेश कौशिक के सेवानिवृत होने पर प्रदेश स्वा.कर्मचारी संघ ने किया सम्मानित

**कांकेर 1 अक्टूबर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर में लेखा शाखा में पदस्थ श्री नरेश कुमार कौशिक को 30 सितंबर 2824 को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के भुपेन्द्र राय वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष चन्द्रहास नाग जिला अध्यक्ष मनोज जोशी सहित संघ के लोगो ने उनके सेवानिवृत होने पर उनका शाल श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।बताते चलें की स्वास्थ्य विभाग के लेखा शाखा से सेवानिवृत श्री नरेश कौशिक शासकीय सेवा में आने के बाद सर्वप्रथम अपनी सेवा महारानी अस्पताल जगदलपुर में वर्ष 1983 से आरंभ किया ।



इसके बाद 1990 से विभिन्न कार्यालयों में रहकर अपनी सेवा पूरी किया। इस दौरान उन्होंने 1983 से 1990 तक महारानी अस्पताल जगदलपुर 1990 से 2000तक जिला कोमल देव अस्पताल 2000से 2024तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर में अपनी सेवा पूरी किया है।श्री नरेश कौशिक अत्यंत सहज सरल मृदुभाषी थे। उन्होंने कोरोना काल के दौरान आपदा के बावजूद स्वास्थ्य सेवा में कोई समझौता नहीं किया। अपने कर्म को हमेशा ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया है। सेवानिवृत होने पर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया।इस दौरान लहना सिंह नायर दीनबंधु सिन्हा वरीष्ठ उपाध्यक्ष के.पी. सिंह मुकेश श्रीवास उपाध्यक्ष नवीन चौहान बी.एम.राय गौचरण साहू रामचन्द्र सलाम सचिव मनोज जोशी सह सचिव मृणाल माली गुलशन खुड़श्याम कार्यालयीन सचिव ए.आर.बघेल रूपेश चौहान कोषाध्यक्ष प्रीतम साहू सहकोषाध्यक्ष भुपेश्वरी रामटेके श्रीमती प्रीती शर्मा विशाल घोड़खांदे मनोज केशरी अशोक नाग उपस्थित थे।

## सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर को सेवानिवृत होने पर पुलिस परिवार ने दी विदाई



**सुकमा 1 अक्टूबर।** सुकमा जिले के थाना कोंटा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर सेवानिवृत हुए। सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, एएसपी निखिल अशोक कुमार रखेचा के मौजूदगी मे सुकमा पुलिस परिवार ने दी विदाई। सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर की भर्ती 6 दिसंबर-1984 में बस्तर जगदलपुर मे हुई थी। सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर अपनी सेवाअवधि के दौरान बस्तर ज़िला मे इन्होंने 1984 से 1989 तक सेवाएँ दी उसके उपरांत दंतेवाड़ा ज़िला विभाजन क्षेत्र में 1989 से 24-5-2012 तक सेवा दी इसके पश्चात ज़िला सुकमा विभाजन के बाद 24 जुलाई 2012 से 30सितंबर 2024 तक थाना तोंगपाल, कुकानार, एर्राबोर, गादीरास,और कोंटा मे सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर ने सेवाएँ दी हैं। विदाई समारोह के दौरान एसपी किरण चव्हाण ने कहा आपने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 40 साल इस विभाग की सेवा में लगा दिए, एसपी किरण चव्हाण ने कहा आप स्वस्थ रहें अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताए यही आशा करते है। इस दौरान एएसपी निखिल रखेचा, डीएसपी कृष्णकांत बाजपाई रक्षित निरीक्षक रवि उपाध्याय, बड़े बाबू निरीक्षक युआ फाफड़े, उप निरीक्षक ध्रुव, उप निरीक्षक सुजाता लकड़ा, एल कवासी, सहायक उप निरीक्षक निरमोद सोना, रिकेश बेर, अविनाश कुमार, भानुप्रकाश, पदमा एवं सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर के परिवार के सदस्य एवं पुलिस स्टाफ़ मौजूद थे।

## नगर में दुर्गोत्सव की तैयारी चरम पर,सज रहे मनभावन पंडाल

**कुरूद 1 अक्टूबर।** शक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि की तैयारी को लेकर कुरूद नगर में दुर्गोत्सव समितियों द्वारा इस बार काफी भव्य तैयारी की जा रही है।माता के आगमन को लेकर हर वर्ग में उत्साह है और आस्था चरम पर है। इस बार एक से बढ़कर एक भव्य और मनभावन पंडाल तैयार हो रहे है।महानगरों की तर्ज पर इसकी विशेष तैयारी जारी है।नगर के संजय नगर ,सरोजनी चौक ,पुराना बाजार ,थाना चौक ,गांधी चौक,नया बाजार,पुरानी मंडी ,बजरंग चौक,इंदिरा नगर,कारगिल चौक नया तालाब,शंकर नगर ,धोबनी पारा और सूर्य नमस्कार चौक आदि स्थानों पर मनभावन पंडाल बनाए जा रहे है ,जो मन को भा रहे है।वहीं आकर्षक लाइट डेकोरेशन और विशेष साज सज्जा की तैयारी भी जारी है।बस कुछ ही दिनों बाद नगर में आदिशक्ति के आगमन के साथ जस सेवा गीतों की अनुपम धारा से शांति और समरसता का वातावरण छा जाएगा।इसी तरह देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत की तैयारी भी जारी है। मां चंडी ,शीतला ,जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर आदि को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।वहीं खेल मेला मैदान में कुरूद दशहरा महोत्सव की रजत जयंती की तैयारी जारी है और मीना बाजार और आकर्षक झूले खेल मेला मैदान में सज रहे है।



## एक नजर

### मोदकपाल नाला एवं पोटाकेबिन संगमपल्ली के पास बने मोड़ को सुधारने जरूरत: बसंत ताटी



भोपालपटनम,1 अक्टूबर। जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि जगदलपुर निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में बीजापुर से मद्देड के बीच मोदकपाल नाला एवं पोटाकेबिन संगमपल्ली के पास बने अंधा मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में काफी आक्रोश है इस मोड़ पर भारी वाहनों के साथ-साथ चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से अब तक कई लोगों की मौते हुई है इसके बावजूद भी संबंधित विभाग द्वारा इस अंधा मोड़ के सुधार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ताटी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं के लिए संबंधित विभाग को जिम्मेदार ठहराया है ताटी ने तत्काल इस अंधा मोड़ का सुधार कराकर लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।

### प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन की प्रचार सामग्री के साथ 2 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़



संवाददाता)। जांगला का बल थाना क्षेत्रान्तर्गत बड़े तुंगालीए पोटेनाराए बरदेला की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। अभियान के दौरान बरदेला एवं बड़े तुंगाली के मध्य जंगल कच्ची रास्ते में 02 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर छिपने का प्रयास कर रहे थेए जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं पूछताछ करने पर अपना नाम जोगो माड़वी ;मिलिशिया सदस्यद्ध पिता लखमू माड़वी उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी पोटेनार कुडूरपारा थाना जांगला सोनी लाल उरसा ;मिलिशिया सदस्यद्ध पिता सुकलू उरसा उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी बड़े तुंगाली पटेलपारा थाना जांगलापकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन द्वारा आम जनता को बरगलाने एवं दहशत फैलाने के उद्देश्य से लिखे गए पैंपलेट बरामद किए गए।पकड़े गये माओवादियों के विरुद्ध छ0ग0 विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

### 2 अक्टूबर को हजारों शिक्षक मांगेंगे अपना अधिकार

फिंगेश्वर, 1 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे,



मनीष मिश्रा, विकास राजपूत एवं प्रदेश सहसंयोजक पूरन लाल साहू ने कहा कि 2 अक्टूबर को मोदी की गारंटी लागू करने सत्याग्रह पदयात्रा करके हजारो शिक्षक एल बी अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेंगे।जिन मांगो को लेकर एल बी संवर्ग ज्ञापन सौपेंगे उसमें मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे.समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक वाला द्ध/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक* *28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे।शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए।

# अग्रसेन भवन के म्यूजिकल अंताक्षरी में खुश्बू व अनु रहे पहले स्थान पर

## खुशबु गोयल एंड पार्टनर रहे अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



पत्थलगांव, 1 अक्टूबर। अग्रसेन जयंती से पूर्व आयोजित कार्यक्रम अब अपने पूरे सबाब पर है,दिन रविवार की देर शाम अग्रसेन भवन के प्रांगण मे बना मंच अग्र बंधुओ की उपस्थिती से खचाखच भरा हुआ था। अग्रवाल नवयुवक समिती ने दिन रविवार की शाम म्युजिकल अंताक्षरी का आयोजन किया था,जिसमे समाज के सभी वर्ग से प्रतियोगियो ने भाग लिया,इस प्रतियोगिता को देखने के लिए काफी संख्या मे दर्शक रूपी अग्रवंशज वहा मौजुद थे। देर शाम म्युजिक की धुन पर इस कार्यक्रम की शुरूवात की गयी,जिसमे 20 अग्रवंशजो की जोडियो ने भाग लिया था। एक बार मे 5 टीमो को स्टेज पर इंट्री की जा रही थी,प्रत्येक टीम मे दो सदस्य मौजुद थे,अंताक्षरी प्रतियोगिता का मंच एंकर द्वारा किया जा रहा था,उनके द्वारा अपनी एंकरिंग एवं रोचक बातो के जरिये लोगो का मन भी मोहा। अग्रवाल नवयुवक समिती द्वारा म्युजिकल अंताक्षरी का पहला राउंड शुरू कराते ही दर्शक दीर्घा से तालियों का शोर सुनायी देना शुरू हो गया था। चार राउंड की इस प्रतियोगिता मे 20 टीमो मे से 6 टीमो ने फायनल मे अपनी जगह बनायी थी,जिसमे खुशबु राहुल गोयल एंड अनु अग्रवाल ने अंताक्षरी प्रतियोगिता का पहला स्थान प्राप्त किया,दूसरे स्थान पर अनुप मित्तल एंड पंकज अग्रवाल की टीम थी। सभी ने प्रतियोगियों के हुनर की काफी प्रशंसा की।

# पितृपक्ष श्राद्ध में गौमाता के लिए महाभंडारा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,1 अक्टूबर। पितृपक्ष त्रयोदशी तिथि सोमवार के दिन 400 किलो खिचड़ी 5 हजार हल्दी वाली पुड़ी 2 पेटी गुड़ को खरसिया नगर क्षेत्र कि सड़कों गली मोहल्ले में घुम घुम कर गौ धन को भंडारा भोग लगाया गया।इस दौरान करीब 400 गौधन को भंडारा भोग लगाया गया।गौ सेवा संगठन खरसिया छत्तीसगढ़ आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है पुरे छत्तीसगढ़ में गौसेवा के क्षेत्र में सबसे अग्रणी स्थान बना चुकी संगठन है जो नित्य प्रति दिन गौवंश कि रक्षा सुरक्षा जागरूकता को लेकर कोई ना कोई कार्यक्रम करती रहती है। गौसेवा संगठन के प्रमुख राकेश केशरवानी गौसेवक ने हमें बताया गौमाता कहीं भी दुर्घटनाग्रस्त बिमार अथवा चोटग्रस्त सुचना मिलते ही संगठन द्वारा तत्काल राहत प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। अपाहिज हो चुके गौवंश को रेस्क्यू कर अपनी गौसेवा धाम में लाकर तब तक सेवा जतन इलाज मुहैया करवाया जाता है जब ठिक होकर अपने पांव में चलने-फिरने न लगे। संगठन द्वारा गोलोकवासी हो चुके गौवंश अन्य जीव जंतुओं को अंतिम संस्कार मिट्टी सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाती है। समय-समय पर जागरूकता अभियान के तहत नगरवासियो के सहयोग से महा भंडारा भोग, गौधन शोभायात्रा, गौधन जागरूक यात्रा निकाली जाती है गर्मी में जगह जगह जल सेवा के लिऐ कोटना रखवाये जाते हैं बरसात के दिनों में सड़कों पर डेरा जमाये गौवंश को सुरक्षा कवच रेडियम बेल्ट पहनाया जाता है। गौसेवा संगठन निस्वार्थ सेवा भाव पर विस्वास रखती है गौमाता के रक्षा सुरक्षा के लिऐ 24/7 समर्प्रित रहती है।आज भी पितृपक्ष के उपलक्ष्य में सड़कों पर भुखे प्यासे दर दर भटक रहे गौवंश के लिऐ महा भंडारा का आयोजन किया गया था संगठन के करीब 20-25 सदस्य चार घंटे तक पुरे नगर क्षेत्र सहीत आसपास में घूम घूम कर गौमाता को भोग भंडारा खिलाते रहे। सनातन धर्म में गौमाता को सबसे ऊंचा दर्जा प्राप्त है पुज्यनीय है अमृत मंथन से उत्पन्न गौमाता के शरीर में पुरे 33 कोटी देवी-देवताओं का वास है। गौमाता को भोग लगाने से हमारे सभी पितरों को भोग लग जाता है।

### अग्निवीर भर्ती रैली : 8556 ऑनलाइन सफल कैंडिडेट्स होंगे शामिल

रायगढ़, 1 अक्टूबर। आगामी दिसम्बर माह में सेना भर्ती रैली की तैयारियों के संबंध में 26 सितम्बर को सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर और जिला प्रशासन रायगढ़ के बीच बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा हुई। भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में पेन इंडिया पर आधारित कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई)आयोजित किया गया था।

### झगरपुर की 4 छात्राओं का नेशनल क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु हुआ चयन

रायगढ़, 1 अक्टूबर। मन में लगन, निरंतर प्रयास और दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कमियां आड़े नही आती, इसको चरितार्थ किया है कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय झगरपुर विकासखण्ड लैलूंगा की छात्राओं ने। विगत दिनों 24 वें राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता, जिला महासमुंद में 23 से 26 सितम्बर 2024 तक आयोजित की गई थी। जिसमें बिलासपुर संभाग की खोखो टीम मिनी अंडर 14 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, झगरपुर के 06 छात्राओं कीर्ति खेस, रोशनी डुंगडुंग, आकांक्षा खेस, रश्मि सिदार, अनुराधा टोप्पो और जयंती लकड़ा ने भाग लिया। जिसमें मिनी वर्ग अंडर 14 खोखो संभाग बिलासपुर की ओर से खेलते हुये कीर्ति खेस, रोशनी डुंगडुंग, आकांक्षा खेस और रश्मि सिदार नेशनल प्रतियोगिता के लिये चयनित हुये है। ज्ञात हो संभाग की टीम में इसी विद्यालय के कुल 06 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें 04 खिलाड़ियों का चयन नेशनल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिये हुआ है। जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# पैसों के लालच में हत्यारा बना आरोपी

रायगढ़, 1 अक्टूबर। रायगढ़ जिला मुख्यालय में 25-26 सितंबर की दरम्यानी रात ब्याज में रकम देने वाले बुजुर्ग की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पैसे चुराने के लिये हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 सितंबर की सुबह जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज को सूचना मिली कि बाजीराव पारा गंधरी पुलिया के पास रहने वाले रमेश तिवारी उर्फबब्बू महाराज 62 वर्ष की उसके घर पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के साथ एडिशनल एसपीए हेडक्वार्टर डीएसपी तथा साइबर सेल डीएसपीए साइबर सेल की टीम भी मौके पर पहुंची। मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्टए फिंगर प्रिंट्स की टीम और डॉग स्क्वाड द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। सुबह पहले बाई पहुंची घर 26 सितंबर की सुबह मृतक के घर काम करने वाली बाई श्रीमती साधमती यादव 60 वर्ष ने बताया कि रोजाना की तरह सुबह 8 बजे बब्बू महाराज के घर काम करने पहुंची तो सामने आंगन का गेट भीतर से बंद थाए तब पड़ोसियों की मदद से घर में प्रवेश करने पर पता चला बब्बू महाराज की हत्या हो चुकी है। सभी कमरो की ली गई तलाशी- पुलिस टीम ने घर के सभी कमरों की बारीकी से तलाशी ली गईए जिसमें घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और मॉडेम गायब मिलाए आरोपी द्वारा साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से निकाल ले गया था। शव का पोस्टमार्टम कराकर शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर थाना जूटमिल में अज्ञात आरोपी पर हत्या और साक्ष्य छिपाये जाने की धारा धारा बीएनएस का अपराध दर्ज किया गया।

### अलग-अलग टीमों का किया था गठन

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के नेतृत्व में हेडक्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिकए साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्यायए थाना प्रभारी जूटमिल के साथ साइबर सेलए थाना जूटमिल और दीगर थाना स्टाफ की अलग.अलग टीम बनाई गईए सभी को अलग.अलग कार्यों में लगाया गया।

### आसपास के सीसीटीवी फुटेज की हुई जांच

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर घटनास्थल सुरक्षित रखकर सिलसिलेवार तरीके से संदेहियों से पूछताछए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर सभी एंगल पर हत्याकांड की जांच की जा रही थी। घटनास्थल से गायब डीवीआर की तलाश के लिए पुलिस टीम मृतक के घर के पीछे रेलवे ट्रैक के दोनों ओर काफी खोजबीन किया गया तथा नाला और आसपास सफाईकर्मियों की मदद से डीवीआर की खोजबीन जारी रखे हुए थी।

### शाम से ही घर में घुस चुका था आरोपी

आरोपी ने बताया कि उसे जानकारी थी कि बब्बू महाराज लोगों को रूपए उधार में देता था इसलिये बब्बू महाराज के पास काफी रूपए होने के अंदेशा हुआ और इनसे रूपए चुराने का योजना बनाकर घटना 25 सितंबर के शाम करीब 7रू30 बजे बब्बू महाराज के घर के पीछे के दरवाजे को तोडक़र घुसा और घर के आखरी वाले कमरे के नीचे पलंग में जाकर छिप गया था।

### मृतक के सिर पर किया वार

बब्बू महाराज रात करीब 9 बजे आए खाना बनाये और खाकर लेटा हुआ थाए रात्रि करीब 11रू45 बजे मौका देखकर आरोपी दीपक यादव ने ड्रेसिंग टेबल के दराज ;प्लाई लकड़ी काद्ध निकाल कर सोए अवस्था में बब्बू महाराज के सिर पर वार किया जिससे बब्बू महाराज जग गया और दोनों के बीच काफी संघर्ष हुआ।

### 10 हजार 500 की चोरी

आरोपी दीपक यादव ने कुर्सी से बब्बू महराज पर वार कर गमछा से फंद्धा बनाकर गला में खींचकर हत्या कर दिया और फिर तकिया के नीचे रखे चाबी से अलमारी को खोलकर अलमारी में रखे 10ए500 चोरी कियाए मकान से जाते समय कमरे से डीवीआर वायर को कटर से कटकर डीवीआर और मॉडेम को लेकर चला गया था।

# सीएम स्वयं शिक्षा मंत्री है तो फिर आश्रम,छात्रावासों में आदिवासी बच्चों की मौत क्यों हो रही है : मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 1 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पोटा केबिन स्कूल दुगईगुड़ा में अध्ययन करने वाले छात्र की मौत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम के नेतृत्व में सात सदस्यीय जांच दल गठित किया था जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम के अलावा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, मनोज अवलम, जनपद अध्यक्ष अनीता तेलम, जनपद उपाध्यक्ष श्रीनिवास बीराबोईना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्ना सोड़ी और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रेंगा नागेश आदि शामिल थे कांग्रेस पार्टी का यह जाँच दल दिनाँक 30/9/24 को घटना स्थल पोटकेबीन दुगईगुडा का निरीक्षण कर सभी से मिलकर वापस बीजापुर आयी है और जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता कर पोटा केबिन दुगईगुडा में अध्ययन कर रहे छात्र की असमय हुए मौत पर दुःख प्रकट करते हुए शासन प्रशासन से सवाल पूछा कि छात्र की मौत होने के बाद परिवारजनो को सूचना क्यों दी गई है छात्र के बीमारी के दौरान ही परिजनों को सूचना क्यों नहीं दी गई? अधीक्षक ने कहा की छात्र को कोई बीमारी नहीं थी? अस्पताल प्रबंधन /क्व्रू0 कह रहे हैं कि छात्र से सिकलिन से पीड़ित था। क्व्रष्ट ने कहा की अधीक्षक ने 27/09/2024 को छात्र के बीमार होने के संबंध में बताया। तो फिर इलाज में लापारवाही क्यो ? इलाज के दौरान छात्र को अस्पाताल से वापस क्यो भेजा गया ? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब भाजपा सरकार के शासन प्रशासन को देना चाहिए। वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर



के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में लगातार आदिवासी छात्र किसी न किसी घटना का शिकार हो रहे हैं विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर जिले में पिछले दिनों हुए घटनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि फरवरी में चेरामंगी छात्रावास मे सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने फाँसी लगाई, मार्च में आवासीय कन्या पोटाकेचित स्कूल चिताकोटा में आग लगने से एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, मार्च माह में गंगालूर बालिका आवासीय पोटा केबिन विद्यालय में कक्षा बारहवीं की छात्रा गर्भवती होती है, जुलाई में तारलागुडा पोटाकेबिन मे एक बच्चे की मलेरिया से मौत हो जाती है और सगमपल्ली पोटाकेबिन में बच्चे की मलेरिया से मौत हो जाती है, इसके बाद अब पोटा केबिन दुगईगुड़ा में पढ़ाई कर रहे छात्र की इलाज के अभाव में मौत हो गई है।इस तरह आश्रम और छात्रावासों में पढ़ाई करने वाले बच्चों की लगातार एक के बाद एक की मौत होना चिंता का विषय है। भाजपा सरकार का शासन और प्रशासन छात्रों के भविष्य को लेकर लफ़रवाही कर रहा है और छात्राओं को उनके हाल पर छोड़ दिया है और छात्रों की सूद लेने वाला कोई नहीं है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास ही शिक्षा विभाग है और प्रदेश में इस तरह की घटनाएं हो रही है इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। भाजपा सरकार में शिक्षा को लेकर कोई भी योजना नहीं है और न ही शिक्षा व्यवस्था पर सरकार ध्यान दे रही है इसलिए बीजापुर जिले में आए दिन आश्रम छात्रावास में पढ़ाई कर रहे बच्चों की मौत हो रही है इतनी घटनाएं होने के बावजूद भी आज तक किसी पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई यह भी सोचने वाली बात है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार पोटा केबिन में अधीक्षक बनाने रकम की वसूली कर रहे है ऐसे अनेक ऑडियो क्लिप सोशल मिडिया में सामने आए हैं। इससे पता चलता है कि सरकार और शासन प्रशासन सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त है उन्हें छात्रों के भविष्य से कोई मतलब नहीं है। विधायक विक्रम मंडावी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि छात्रावासों में अब तक हुए सभी घटनाओं की निष्पक्ष जांच किया जाय और जो भी दोषी पाया जाए उस पर कार्रवाई हो। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य बसन्त राव ताटी, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधि ताती, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री पार्षद जितेंद्र हेमला, जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, आईटी सेल जिला अध्यक्ष मोहित चौहान, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी के जी सत्यम सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन से ओडिशा के ग्रामीणों को मिल रहा है घर पर शुद्ध पेयजल



बीजापुर,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी की दूरी पर विकासखण्ड भैरमगड़ के समीप ग्राम ओड़सा है, जो इन्द्रावती नदी से लगा हुआ है। इस ग्राम में 43 परिवार निवासरत हैं यहां पर 09 हैण्डपंपों से पेयजल प्राप्त होती है। ग्रामीणों के मुख्य रूप से आय का स्त्रोत कृषि एवं वन्य संपदा तेन्दु पत्ता, तेन्दु, चार, महुआ अन्य वनोपज जीविका का महत्वपूर्ण साधन है, इससे ग्रामीणों का जीवन यापन होता है।

**ग्राम वासियों में जल जीवन मिशन योजना-** सरपंच श्रीमती बंडरी लेकाम बताती है कि जल जीवन मिशन योजना आने से ग्रामवासी बहुत उत्साहित हैं, पहले पीने के लिए पानी हैण्डपंप से लाना पड़ता था। गांव से कुछ ही दूरी पर इन्द्रावती नदी है जहां से अन्य कार्यो के लिए पानी की पूर्ति होती है।दैसु राम लेकाम ग्राम पटेल- बताते हैं कि सरकार कि जल जीवन मिशन योजना अतिसंवेदनशील क्षेत्र तक पहुँचा है, जिसका लाभ हमकों मिल रहा है और हमारे ग्रामीण इस सुविधा से खुश है। शासन की योजना हम शब्दों में पढते थे, जो पन्नो तक ही सीमित रहता था। वास्तव में इस योजना से हमें घर में ही शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है। हमको रोज -मर्रा के कार्य करने में समय की बचत हो रही है पहले हम बोंरिग, कुआँ, नदी के सहारे से पानी प्राप्त करते थे, आज हमें घर पर ही शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है। भीमा राम पंच- बताते हैं कि जल जीवन मिशन योजना का लाभ हमकों मिल रहा है, शासन के इन योजनाओं से जनजीवन खुशहाल होते नजर आ रहा है।

**जल जीवन मिशन की उपलब्धियाँ-** विकासखण्ड भैरमगढ़ में ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ओड़सा में सोलर अधारित सिंगल विलेज योजना से 02 सोलरों के माध्यम से 43 परिवारों को हर घर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम ओड़सा को ग्राम सभा के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के उपअभियंता एवं विभागीय कर्मचारी द्वारा 12 जून 2024 को हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच श्रीमती बंडरी लेकाम, मुन्नुलाल लेकाम, सुरेश लेकाम के साथ समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल और एथलेटिक्स खेल में बीजापुर को 21 पदक



बीजापुर,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कबीरधाम में आयोजित हुई 24वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता जो की 26 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित थी। बस्तर संभाग की टीम में बीजापुर जिले की खिलाड़ियों में अंडर -14 बालिका वर्ग में बस्तर संभाग की टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ संभाग की टीम मे बीजापुर से शिवानी रंजीत निशा रिंकी अनसूया अंकिता अनुराधा शिल्पा अस्मिता त्रिवेणी और ज्योति शामिल थे बालिका टीम में नेशनल के लिए अनुराधा कवाशी, त्रिवेणी मरपल्ली, ज्योति ओयम ,शिल्पा मरपल्ली शामिल हैं वही 24 वी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 जो 21 सितंबर से 24 सितंबर 2024 तक बहतराई एथलेटिक स्टेडियम बिलासपुर में अयोजित हुआ जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बीजापुर और स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय बीजापुर की विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड , 4 सिल्वर , 3 कांस्य कुल 13 पदक अपने नाम किए । संतोषी भंडारी ने 600 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजली कारम ने 200 मीटर , 600 मीटर में रजत पदक , 400 मीटर में कांस्य पदक और 4 म100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक, बीरेन्द्र ध्रुवा ने 600 मीटर दौड़ , 80 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय व 4 म100 मीटर रिले में प्रथम स्थान । प्रियंका कुडियम ने 400 मीटर दौड़ , 100 मीटर बाधा दौड़ में तृतीय स्थान व 4 म 400 मीटर रिले प्रथम स्थान। राजू पोयम ऊँची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।और ये सभी एथलीट खिलाड़ी रांची झारखंड में 26 से 30 नवंबर 2024 अंडर-19 एवं अंडर 14 में 2 दिसंबर से 5 दिसंबर 2024 को होने वाले स्कूल नेशनल गेम के लिए छत्तीसगढ़ स्कूल स्टेट का प्रतिनिधीत्व करेंगे। जिला के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार खेल प्रभारी श्री नारायण प्रसाद गवेल के द्वारा टीम को हार्दिक बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी समस्त जानकारी बीजापुर जिले के श्रम निरीक्षक एवं सॉफ्टबॉल खेल के अंतरराष्ट्रीय कोच श्री सोपान कर्णेवार ने दी साथ में सहायक कोच कृष्णा डोडी एवं एथलेटिक्स कोच संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

# बस्तर ओलिंपिक प्रतियोगिता का दो आयु वर्ग में होगा आयोजन

बीजापुर,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिमा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के समस्त जिलों में ÷बस्तर ओलम्पिक 2024÷ खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। मूल विभाग, गृह (पुलिस) विभाग आयोजक विभाग होगा तथा खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग नोडल होगा।इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होंगी। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी।बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की प्रस्तावित तिथि 01 से 10 नवम्बर 2024 के मध्य एक दिवसीय, जिला स्तरीय आयोजन तिथि 10 से 22 नवम्बर 2024 के मध्य अधिकतम 02 दिवसीय एवं संभाग स्तरीय आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में तिथि 25 से 30 नवम्बर 2024 के मध्य 03 दिवसीय आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन हेतु विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर आयोजन समिति का गठन जिला के स्तर पर किया जाएगा। तथा संभाग एवं राज्य स्तर पर आयोजन समिति का गठन शासन द्वारा पर किया जावेगा।

## वरिष्ठ नागरिकों का होगा सम्मान

बीजापुर,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर को जिला प्रशासन द्वारा एजुकेशन सिटी में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें 60 वर्ष से उम्र के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। उक्त सम्मान कार्यक्रम में वृद्धजनों के बीच खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी होगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि द्वारा भरण -पोषण अधिनियम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला कोषालय अधिकारी द्वारा आभार पेंशन के बारे में बताया जाएगा। वहीं जिला चिकित्सालय एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।

**एक नजर**

## प्रदेश सचिव कुलेश्वर सिन्हा ने पत्रकार आंदोलन में शामिल होने की अपील की



**छुरा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ संगठन के प्रदेश सचिव कुलेश्वर सिन्हा ने छग में निवासरत सभी पत्रकार साथियों से आग्रह किये हैं पत्रकार हित मे होने वाले 2 अक्टूबर को राजधानी में आयोजित संयुक्त पत्रकार महासभा कार्यक्रम में शामिल होने अपील किये हैं। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भर के सभी संगठनों के पत्रकार एकजुट होंगे।और पत्रकार हित मे हुंकार भरेंगे। उक्त कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के अधिक से अधिक पत्रकार भी शामिल होंगे। वही प्रदेश सचिव कुलेश्वर सिन्हा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को रायपुर के गॉस मेमोरियल ग्राउंड, आकाशवाणी चौक में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से हजारों की संख्या में पत्रकार एक जुट होंगे।पत्रकारों की एकजुटता तथा देश में निर्भीक पत्रकारिता के लिए वातावरण तैयार करने के उद्देश्य यह कार्यक्रम आयोजित हो रही है।

## शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा



**तिल्दा-नेवरा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बच्चों का भविष्य गढ़ने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ जुटे रहने वाले शिक्षकों के समर्पण को प्रणाम किया है। उन्होंने कहा कि शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय बहेशर (तिल्दा) में छ.ग. सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन तिल्दा-नेवरा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर हमारे देश के भविष्य निर्माताओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां आयोजित समान समारोह में शिक्षको का शाल फ्ल से सम्मान किया गया जिसमे तिल्दा नेवरा ग्रामीण अंचल के शिक्षक उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा के ग्राम बेहसर में बूथ में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने ग्रामीण बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ सुनी।

## 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह में होंगे विविध आयोजन

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रतिवर्ष महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों/पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 2 अक्टुबर से08 अक्टुबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।नशामुक्ति के संकल्प पत्र का वाचन एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जीवन परिचय, 3 अक्टूबर को चित्र पोस्टर प्रतियोगिता शा.मिनी माता कन्या महा.ब.बा निबंध प्रतियोगिता हिन्दी, छत्तीसगढ़ी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बलौदाबाजार, स्लोगन प्रतियोगिता हिन्दी छत्तीसगढ़ी शा.दाउ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार, 4अक्टूबर को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत टोनाटार, अर्जुनी, मल्दी, मोपर विकासखंड-भाटापारा 5 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत मोहत्तरा (क), चरौदा (क), दर्रा (क) विकासंखड-कसडोल, 6 को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत पुरेनाखपरी, लठुवा, लाहोद विकासखंड- बलौदाबाजार, 7 अक्टूबर को रैली नुक्कड़ नाटक का आयोजन जिसमें रैली शासकीय दाउ कल्याण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज से गार्डन चौक से कलेक्ट्रेट परिसर तक।8 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी द्वारा ग्राम पंचायत में नशामुक्ति हेतु दीवार लेखन एवं नशा मुक्ति अभियान का प्रचार कार्यक्रम शामिल हैं।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को मिला राष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 अक्टूबर।** खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को शिक्षा को समग्र विकास की दिशा में उन्मुख करने के लिए 28 सितम्बर 2024 को अहमदाबाद, गुजरात के एक राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसे प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने गुजरात जाकर सहर्ष स्वीकार किया। ज्ञात हो कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को यह सम्मान विद्यालय को समग्र विकास की दिशा में अग्रसर करने, 'नई शिक्षा प्रणाली-' 2020 के मूलभूत सिद्धान्तों का पालन करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास जैसे- बौद्धिक, शैक्षणिक, सामाजिक, भावनात्मक, रचनात्मक, शारीरिक, नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उपलक्ष्य में दिया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों की जन्मजात क्षमता का पोषण करना और उन्हें खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने में मदद करना है, ताकि वे अच्छी तरह से विकसित, सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार, नैतिक रूप से गुणी, आर्थिक रूप से उत्पादक और आध्यात्मिक रूप से मज़बूत व्यक्ति बन सकें और धैर्य, करुणा, लचीलापन एवं लक्ष्य अभिविन्यास जैसे गुणों का निर्माण कर जीवन की अपरिहार्य चुनौतियों का सामना करने में समर्थ हों।

यह कार्यक्रम प्रधानाचार्यों, निदेशकों और अध्यक्षों का एक राष्ट्रीय स्तर का शिक्षा सम्मेलन था, जिसका आयोजन होटल क्राउन प्लाजा अहमदाबाद गुजरात में किया गया था। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों के लिए 21वीं सदी के कौशल, प्रौद्योगिकी के प्रभावी कार्यान्वयन और अच्छे चरित्र वाले छात्रों में नेतृत्व कौशल विकसित करने जैसे पहलुओं पर पैनल चर्चा, गोलमेज चर्चा और खुले मंच पर चर्चा करना था, जिसमें 150 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य योगेश पोपट को मिले इस सम्मान के लिए प्रबंधक अश्विनी शर्मा, संदीप गोयल एवं सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया और ढेर सारी शुभकामनाएँ भी दीं।




## खड़े ट्रकों से जैक, पहिया व बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# आरोपियों से 5 पहिये व 5 बैटरी बरामद

## पुलिस ने गिरोह के 2 अपचारी बालक सहित कुल 7 आरोपियों को किया था गिरफ्तार

■ आरोपियों से अब तक कुल 7 लाख 95 हजार रुपए मूल्य के 22 नग पहिये, 4 नग जैक, 8 नग बैटरी एवं 4 नग डिस्क किए गए जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा कल दिनांक 29.09.2024 को थाना भाटापारा शहर, साइबर सेल की टेक्निकल टीम एवं भाटापारा शहर में लगे सिटी सर्विलांस सिस्टम की मदद से रोड किनारे खड़े ट्रकों के पहिए, जैक, बैटरी आदि चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 02 अपचारी बालक सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कुल ?4, 70, 000 कीमत मूल्य का ट्रकों से चोरी किए गए 22 नग पहिया, 04 नग जैक, 08 नग बैटरी एवं 04 नग डिस्क बरामद किया गया था। सांथ ही आरोपियों से चोरी करने में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार भी जप्त किया गया। प्रकरण की विवेचना एवं जांच क्रम में तथा आरोपियों से मनोवैज्ञानिक एवं विस्तृत पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम को आज दिनांक 30.09.2024 को पुनः आरोपियों से विभिन्न स्थानों मे खड़े ट्रकों एवं भारी वाहनों से चोरी किया गया, कुल ?3, 25, 000 कीमत मूल्य का 05 नग बैटरी एवं 05 नग पहिया (चक्का) बरामद करने में सफ्लता मिली है। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा रोड किनारे खड़े ट्रकों में चोरी करने वाले संगठित गिरोह से अब तक ?7, 95, 000 कीमत मूल्य का ट्रकों का पहिया, बैटरी, जैक आदि बरामद किया गया है। प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही अभी जारी है।

## वन विभाग के 5 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**ये हुए सम्मानित**

1. सुनील कुमार साहू परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान
2. अश्वनी कुमार रात्रे वन परिसर अधिकारी असनीद
3. अश्वनी कुमार साहू वन परिसर अधिकारी उपरानी
4. हरगोविंद जायसवाल वन परिसर अधिकारी पोडी
5. संजय कुमार वर्मा सुरक्षा श्रमिक असनींद

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर।** 28 सितम्बर को ग्राम बिलारी बैरियर बरघाट नाका के पास मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था उक्त प्रकरण आरोपियों से एक पिट्ठू बैग में अलग-अलग झिल्ली में भरे हुए ?65, 112 कीमत मूल्य का 05 किलो 176 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया था। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी आरोपियों से जप्त किया गया था। संपूर्ण कार्यवाही में वन विभाग के निम्नांकित 05 अधिकारी कर्मचारियों का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। वन विभाग के इन्हीं अधि./कर्मचारियों के साहसिक कार्य की बदौलत गांजा तस्करों को पकड़ने में सफ्लता मिली। उनके इस साहस भरे कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए 30 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विश्व हृदय दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 1 अक्टूबर।** आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व हृदय दिवस के अवसर पर एक दिवसीय निःशुल्क वजन, ऊंचाई, बीपी, पल्स रेट, बीएमआई का चेकअप किया गया।इस शिविर के संयोजक ओमप्रकाश साहू ने समस्त प्राध्यापकों, विद्यार्थीयों के साथ जागरूकता रैली एवं परीक्षण का कार्य सभी प्रशिक्षु फार्मासिस्ट के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर कंपटीशन में अनन्या अग्रवाल प्रथम पुरस्कार, मिथलेश साहू द्वितीय पुरस्कार एवं ममता एवं चांदनी संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया गया। बेस्ट प्रेजेंटेशन में अनन्या अग्रवाल प्रथम पुरस्कार, लुपाक्षी सिन्हा द्वितीय पुरस्कार एवं युगल रात्रे तृतीय पुरस्कार के साथ सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों से किया गया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के अकादमी अधिष्ठाता और IQAC के निर्देशक डॉ. एन. कुमार स्वामी ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए और चिंता मुक्त होकर विद्यार्थियों को शिक्षा लेनी चाहिए और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव देने वाले जैसे मदिरा का सेवन, सिगरेट पीना, नशा को छोड़ना चाहिए।




विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डां. सुभाषित विश्वास ने बताया कि हमारे देश में हृदय से संबंधित बहुत बीमारियां हो रही है जो 1990 के दशक से बहुत ही प्रभावी ढंग से फ्ल फूल रहा है अब भारत को हृदय जैसी बीमारियों से बचना चाहिए और अपने जीवनचार्य, दिनचर्या, खान-पान को सुव्यवस्थित करना पड़ेगा तभी हम स्वास्थ्य रह पाएंगे। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, पूनम राजपूत, लुकेश्वरी वर्मा, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ.आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ.शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ.एन. के. स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में 10 जून आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखे हुएं है। जिसके तहत प्रशासन को बड़ी सफ्लता मिल रही है। जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति के रिपोर्ट के आधार पर लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से सायबर सेल द्वारा संपर्क किया जा रहा है। जिसके तहत 88 यूआरएल मेटा को भेजा गया था। जिसमें से 19 इंस्ट्राग्राम को पेज को बंद करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही 3 इंस्टाग्राम पेज से भड़काऊ वीडियो को डिलीट किया गया है। इसके साथ ही अनुविभाग गिरौद द्वारा 5 अपराधियों की पहचान कर 1 के खिलाफधारा 107, 116 (3) के तहत कार्रवाई की गई है एवं 4 ने माफ़ीनामा कबूल करते हुए उनके परिजनों को उक्त प्रकरणों में भी समझाईश दी गई है। इसके अतिरिक्त सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से सोशल मीडिया में असवैधानिक एवं गैर कानूनी कार्य करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

**समाचार संक्षेप**

## तिल्दा-नेवरा में न्याय यात्रा का जोशीला स्वागत



**तिल्दा-नेवरा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा-नेवरा खरोरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा को राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ साथ राज्य के हर कांग्रेसी विधायकों, उद्यमियों, किसानों व युवाओं का जोशीला समर्थन..न्याय यात्रा में खरोरा से माठ के बीच प्रदेश युवा नेता आकाश शर्मा द्वारा दीपक बैज का जोशीला स्वागत किया गया, इसी कड़ी में माठ में दोपहर भोजनावकाश के समय पत्रकार वार्ता में पहुंचे हमारे विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता चरणदासजी महंत, साथ में ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, मोहन मरकाम, वीणा राव, अजय साहू, महेंद्र छाबड़ा, छाया वर्मा, सीमा वर्मा, शैलेश त्रिवेदी, अरुण साव विधायक, अनिता शर्मा, उधोराम वर्मा, कश्यपजी सांकरा, राम गिडलानी, राहुल तेजवानी, अमजद खान, स्वेजा परवीन, ओम ठाकुर, शरद वर्मा, योगेंद्र पटेल, आदिवासी महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव ध्रुव मैडम एवम तमाम गांधीवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्तगणों की भागीदारी न्याय यात्रा में रही है।।प्रदेश में न्याय यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर राजधानी तक का एक सफ्लतम एवम आमजनों का समर्थन प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भरपूर मिला, जिसका अंतिम पड़ाव गांधी जयंती 2 अक्टूबर राजधानी में आमसभा के साथ संपन्न होगा।

## स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**भखारा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से प्राप्त निर्देश के परिपालन मे स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व मे महाविद्यालय परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी स्वयंसेवकों को माय भारत टाइटल्ड कैप, डायरी, पेन, एनएसएस डायरी एवं एनएसएस बैच प्रदान किया गया तथा उन्हें प्रत्येक एनएसएस गतिविधियों मे आवश्यक सभी सामग्री के साथ अपनी सहभागिता प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के गार्डन, खेल ग्राउंड, नवीन भवन के पीछे परिसर की साफ़सफ़ाई कर प्लास्टिक एवं पॉलिथीन अपशिष्ठ को इकट्ठा कर निस्तारण किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाए गए पौधों के आस पास की साफ़सफ़ाई किया गया। इस अभियान मे एनएसएस स्वयंसेवक राहुल कुमार, कु. ख्याति साहू, दीपक कुमार, त्रिवेंद्र, कु.लेखनी, ओमप्रकाश, पुष्पेंद्र, दीगेश्वर सहित कुल 65 वॉलंटियर्स सक्रियता से भाग लिए।

## 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देश पर 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर एक दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने आज आदेश जारी किया है। जिसके तहत जिले में संचालित समस्त देशी / विदेशी / कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, आदि जैसे एफएल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी. एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल.1 (ख-अहाता) एवं मद्यभण्डारण-भाण्डागार को 2 अक्टूबर 2024 (कुल 01 दिवस) को संपूर्ण दिवस के लिये सीलबंद किया जाये तथा मदिरा के विक्रय / विनिर्माण/ संग्रहण / धारण / परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् किया गया है।

## रामलीला का मंचन व पंचमी कार्यक्रम 7 अक्टूबर को

# मार्मिक प्रसंग सत्यवादी राजा हरिशचंद्र का होगा मंचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के 105 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक भाटापारा की आदर्श रामलीला नाटक मंडली के मंच पर नवरात्र के पंचमी दिवस 7 अक्टुबर सोमवार को सत्यवादी राजा हरिशचंद्र उर्फ गुलशन का नाग संगीतमय नाटक की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। अत्यंत मार्मिक एवं दिल दहलाने वाली करूणा रस से भरी सत्यवादी राजा हरिशचंद्र की कथा का नाटकीय मंचन जिसमें राजा को अपने सत्यधर्म निभाने एवं अपने पुर्वजो की मर्यादा की रक्षा के लिए अपने परिवार सहित भरे बाजार में बिकने और एक राजा होकर समय की मार को झेलते हुए अपने धर्म का पालन करने तथा अपने पतिव्रत का पालन करते हुए राजा की रानी और अपने पुत्र धर्म को निभाने एवं अपने कुल की मर्यादा को मर्यादित रखने के लिए अपने पिता का साथ देते हुए अपने प्राणो की आहुति देने वाले पुत्र की बहुत की मार्मिक कथा का मंचन किया जाएगा जो निश्चित तौर पर दर्शको को भाव विभोर करते हुए आंखों में आँशु ले आएगा। ऐसी शानदार प्रस्तुति आदर्श रामलीला के वरिष्ठ एवं बाल कलाकारो के द्वारा नवरात्र की पंचमी पर रात्रि 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। नाटक मंचन में रामलीला के अनुभवी एवं वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा के द्वारा राजा हरिशचंद्र की अदभुत प्रस्तुति रहेगी एवं रानी तारामती का किरदार आयुश तिवारी एवं पुत्र रोहित के रूप में शुभ केशरवानी, विश्वामित्र सागर जायसवाल तथा पंडित काव्यांश शर्मा, चांडाल लव शर्मा, जोहरा धरमपाल सोनी, अन्य किरदारो में आदित्य सोनी, मुकूल शर्मा एवं अन्य कलाकार नजर आएगें।



**रामलीला संचालन समिति करेगी रामलीला और नाटको के मंचन की व्यवस्था:** संरक्षक मंडल में सत्यनारायण जोशी, कैलाशचंद पुरोहित, शिवरतन शर्मा, संतोष अग्रवाल, बाल गोविंद तिवारी, देवेन्द्र गुप्ता, देवनारायण शर्मा, अनिल चांडक, बजरंग लाल चौरसिया, एवं समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदिश वैष्णव, सचिव कोमल शर्मा, हेमंत मल, धनजी जोशी, सूर्यकांत शुक्ला, मनोज गुप्ता, विनय ठाकुर, राहुल तिवारी, शिवनारायण गुप्ता, सिद्धांत जाधव द्वारा व्यवस्थित किया जाएगा।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/O THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, OLD MANTRALAY BEHIND -BSNL OFFICE, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID - secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

E-tenders are invited against **NIT No. 10-10/Pur./TR-2024_47 date 30.09.2024** for hiring 01 pick-up/utility vehicle for following work.

**Rfx no. - 8100039468**

Awarding contract for Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup) or Equivalent (1.70-2.20 Ton Capacity) for **Purena Zone under EE City Dn. South, CSPDCL Raipur.** In Vehicle including of 01 driver, vehicle should be commercial tax paid, vehicle capacity 1.7 to 2.2 ton pick-up/ utility vehicle. All running expenditure of vehicle will be borne by contractor. The contract work will be as per guidelines of CSPDCL. The pick-up 1.7 to 2.2 ton vehicle is not older than 03 years having total run not exceeding 100000 km. will be hired for a period of 03 years. Normally the period of contract will be **Three year** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further **01 years** at the same rate, terms & condition on mutual understanding between CSPDCL & contractor. GST will be paid Extra on production of actual documentary evidence Tentative Contract value will be **Rs. 1576800/- aprox excluding GST.**

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** Last date and time of submission of bid is on **23.10.2024** up to **01:30 P.M.** and due date of opening is on **23.10.2024** at **02:00 P.M.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee of **Rs. Rs. 2000/- (Incl.GST)** may be deposited through online before up to **01:30 P.M.** which is not refundable. An amount of **(Rs. 16000/-)** 1% of the Tender value towards EMD has to be deposited by the Contractor in the E-biding portal through online. The Notice for extension of Due Date of tender submission/opening/ corrigendum/ amendment, if any, to the tender document will be displayed on CSPDCL's official websites as mentioned above.

SAVE ELECTRICITY

**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

**Samvad-41607/2**

## एक नजर

### खिलाड़ियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया

**रायपुर 1 अक्टूबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विवि की महिला हॉकी टीम गठित करने चयन स्पर्धा के दौरान स्टेडियम में अव्यवस्था होने की बात से डागा कालेज प्रबंधन ने इंकार किया है। इस चयन स्पर्धा के आयोजन की जिम्मेदारी डागा कालेज की थी। कालेज की प्राचार्य संगीता घई ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम साइंस कालेज में खिलाड़ियों के लिए तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध थी। पेयजल, जलपान प्राथमिक चिकत्सा आदि के प्रबंध किए गए थे। चूंकि स्टेडियम अन्तरराष्ट्रीय स्तर का है इस कारण यहां पंडाल लगाने की मनाही है। बैनर लगा हुआ था। संगीता घई ने बताया कि सरकार से अभी बारह हजार रुपए प्राप्त नहीं हुए हैं। सपर्धा के दौरान किसी भी खिलाड़ी को परेशानी नहीं हुई।

### कला को तकनीक से मिलाना जरूरी



**रायपुर 1 अक्टूबर।** भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी, जो रोजाना के पलों को खास अनुभवों में बदलने के लिए जाना जाता है, ने गर्व से अपनी अभिनव पहल, बिग फैंटेसीजः गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशन की घोषणा की है। इस पहल के माध्यम से, ब्रांड का लक्ष्य कला को तकनीक के साथ मिलाकर बच्चों में रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को जागृत करना है। यह अनोखी और दूरदर्शी पहल सेंट जोसेफ स्कूल, बैंगलोर में बच्चों, उनके माता-पिता और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में शुरू की गई। इस कार्यक्रम में बच्चे की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के महत्व विषय पर एक विस्तृत पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, शिक्षा, मनोविज्ञान और रचनात्मक कला के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं।

### धर्मशाला निर्माण के लिए पांच लाख रुपये दान

**रायपुर 1 अक्टूबर।** ब्राह्मणपारा रायपुर स्थित राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सुहागा मंदिर प्रांगण में बन रहे धर्मशाला निर्माण कार्य हेतु ब्राह्मण पारा निवासी तिल्दाडीह वाले स्व चंद्रिका प्रसाद पांडेय की स्मृति में पत्नी मती कांति बाई पांडे निवासी सुंदरनगर रायपुर द्वारा पांच लाख रुपए की दानराशि मंदिर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की हैं। सुहागा मंदिर ट्रस्ट कमेटी इस उदारता पूर्वक दिए अनुकरणीय सहयोग राशि के लिए मती कांति बाई पांडे को उनके उदारता पूर्वक दिए इस सहयोग राशि के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन के लिए राधा कृष्ण भगवान से प्रार्थना करती है।

### रोटरी क्लब में चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**रायपुर 1 अक्टूबर।** एक्युप्रेशर , सुजोक , कंपिंग, वाइब्रेशन एवं चुंबकीय पद्धति से रोगों का उपचार डॉ एम ए चयनन एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है । यह शिविर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एवं इनर व्हील क्लब रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में जलविहार कालोनी में आयोजित किया गया है । क्लब के अध्यक्ष एन सी मोरियानी ने बताया कि घुटने एवं कमर दर्द में इस उपचार से विशेष लाभ मिलता है । शुगर , पुराना सिर दर्द , साइटिका , थायराइड , मोटापा आदि के रोगियों के लिए भी यह इलाज अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा । जो भी महिला पुरुष इसका लाभ लेना चाहते हैं वे क्लब में प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 एवम शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक संपर्क कर लाभान्वित हो सकते हैं । यह शिविर 3 अक्टूबर तक चलेगा ।

# आईएएस अधिकारियों की होगी नई पदस्थापना

## पुलिस महकमे में भी फेरबदल के संकेत

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 1 अक्टूबर।** केंद्र से आईएएस अधिकारियों की वापसी के पश्चात प्रदेश में प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी है। इधर पुलिस महकमे में भी आईजी व एसपी लेबल के अधिकारियों के स्थानांतरण सूची बनाई जा रही है।

राज्य के करीब 15 से अधिक अधिकारी केंद्र शासन की सेवाओं में कार्यरत हैं। इनमें से रोहित यादव और अमित कटारिया की सेवाएं राज्य शासन को सौंप दी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इन दोनों आईएएस अधिकारियों को अपने मूल कैडर में भेज दिया गया है। राज्य में करीब 190 आईएएस अधिकारियों का कैडर है जिनमें से 160 अधिकारी कार्यरत हैं। कई आईएएस अधिकारियों के पास तीन-चार विभाग हैं। उनमें से एसीएस ऋचा शर्मा के पास जलवायु परिवर्तन के अलावा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे बड़े विभाग हैं। मनोज पिंगुआ के पास भी गृह तथा अन्य महत्वपूर्ण विभाग हैं। जिसके कारण वे अपना दायित्व आसानी से नहीं निभा पाते। राज्य में बिलासपुर के संभागायुक्त का पद रिक्त है। इसके अलावा उच्च शिक्षा तथा अन्य विभागों में भी संचालक हैं जिसके कारण कई आईएफएस अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. रोहित यादव कानपुर से एमडी पास हैं। बीच में वे एक केंद्रीय मंत्री के कार्यालय में पदस्थ थे। अब उनकी सेवाएं राज्य को लौटा दी गई है जिसके कारण यहां पर एक प्रशासनिक फेरबदल किया जाएगा। पुलिस विभाग में भी बस्तर के आईजी पी. सुंदराज को एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया है। अभी तक उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया है। बस्तर जैसे संवेदनशील इलाके में आईजी की पदस्थापना को लेकर उठापटक चल रही है। इसके चलते आईजी स्तर के कई अधिकारियों की पदस्थापना की जाएगी। इधर नक्सल क्षेत्रों में कार्यरत कई अधिकारी-कर्मचारी जमीनी स्तर पर आना चाहते हैं जिसके कारण पीएचक्यू में भारी कवायद चल रही है। बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर इस समय गृह विभाग घेरे में है।

# पॉम्पलेट देकर न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील



**रायपुर 1 अक्टूबर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के समापन में होने वाले आमसभा को लेकर राजधानी के विभिन्न चौक-चौराहों पर जनता को पॉम्पलेट देकर शामिल होने की अपील की।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हो रहे लगातार हत्या ,लूट ,डकैती, बलात्कार जैसे संगीन अपराध को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा गिरोधपुरी से 27 सितंबर से निकाली गई है जिसका समापन रायपुर राजधानी के गांधी मैदान में 2 अक्तूबर को होना है इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए 27 तारीख से ही कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती से लगा हुआ है और आज पाँचवे दिन न्याय यात्रा की भीड़ से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनता इस 9 महीने की भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है इसके समापन को लेकर पश्चिम विधानसभा सहित राजधानी के समस्त वार्डों में नुक्कड़ सभा कर एवं पॉम्पलेट वितरण कर छत्तीसगढ़ सरकार की 9 महीने की विफलताओ को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा इस भाजपा सरकार में हर वर्ग अपने को छला हुआ महसूस कर रहा है। उपाध्याय ने कहा कि राजधानी की जनता तक ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचने की अपील करते हुए प्रचार के अनेक माध्यम अपनाये जा रहे हैं जैसे नुक्कड़ नाटक कर, लाउडस्पीकर युक्त वाहन एवं रूबरू होते हुए जनता को पॉम्पलेट विभिन्न चौक चौराहों पर खड़े होकर बांटे जा रहे हैं। आज स्टेशन रोड, फाफाडीह चौक, देवेन्द्र नगर नमस्ते चौक, नगर घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, राठौर चौक, शास्त्री चौक सहित अनेक जगहों पर पॉम्पलेट वितरण किया गया।



रायपुर 1 अक्टूबर। नवरात्रि का श्रीगणेश 3 अक्टूबर को होगा। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा के श्रृंगार को अंतिम रूप दे रहा है।

# राशि वितरण में भेदभाव का आरोप बेबुनियाद

**रायपुर 1 अक्टूबर।** भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के उन आरोपों को बेबुनियाद और झूठा बताया है जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर कांग्रेसी पार्षदों ने विकास कार्यों की राशि के वितरण में भेदभाव का आरोप लगाया है । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने 5 साल तक जब कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार और नगर निगम में कांग्रेस के महापौर एजाज ढेबर के रहते रायपुर नगर निगम को जितनी राशि विकास कार्यों के लिए नही मिली उससे कहीं अधिक राशि 10 माह के भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री , लोकनिर्माण नगरीय प्रशासन मन्त्री अरुण साव के कार्यकाल में केवल अधोसंरचना मद से करोड़ों रुपए के विकास कार्य की स्वीकृति पार्षदों और विधायकों की अनुशंषा के आधार पर देते हुए राजधानी में विकास की गंगा भाजपा सरकार के बनते ही बहने लगी । जिससे कांग्रेस के महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद बौखला गई है और भाजपा - कांग्रेस निर्दलीय पार्षदों के वार्डो में विकास कार्यों के मद में दी जाने वाली राशि मे भेदभाव का झूठा आरोप लगा रही हैं । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने महापौर एजाज ढेबर पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 5 साल के कार्यकाल में रायपुर नगर निगम को जितनी राशि अधोसंरचना मद से नही मिली उससे अधिक की राशि भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने 10 महीने के कार्यकाल में दे दी । यही भाजपा की सरकार ने तात्यापारा - शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 150 करोड़ से अधिक की राशि जनहित में स्वीकृत किया जिस पर कांग्रेस के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेसी महापौर एजाज ढेबर कुछ नहीं कर पाए । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जोन 5 का उदाहरण देते हुए बताया कि ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के पार्षद ज्ञानेश शर्मा , भक्त कर्मा माता वार्ड के पार्षद उत्तम साहू , पँडित वामनराव लाखे वार्ड के पार्षद मन्नू लाल यादव , पँडित महन्त लक्ष्मी नारायण वार्ड के पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल के वार्डों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की राशि की स्वीकृति के पश्चात भूमि पूजन हुआ है क्या यह वार्ड भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों का है ?? इन सभी वार्डो से कम राशि पँडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 पार्षद मृत्युंजय दुबे जो कि मेरा वार्ड है में अधोसंरचना मद में विकास के लिए कम राशि स्वीकृत हुई है तो फिर कांग्रेस के महापौर और पार्षद उपमुख्यमंत्री से विकास कार्यों के लिए दी गई राशि में भेदभाव करने का आरोप कैसे लगा रहे हैं ।

### देसी कट्टा बेचने एमपी से रायपुर पहुंचा युवक बंदी



**रायपुर 1 अक्टूबर।** रायपुर में देसी कट्टा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों मूल निवासी मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं, जो अमलीडीह इलाके में देसी कट्टा खपाने आए थे। पुलिस टीम को सूचना के माध्यम से सूचना मिली कि दो व्यक्ति देसी कट्टा बेचने के लिए आए हैं। सूचना मिलने के बाद पेट्रोलिंग टीम अमलीडीह शराब की दुकान के पास निरीक्षण। कृष्णा कुमार बैरागी ने पुलिस को चाकू मारने की धमकी दी, लेकिन बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार कृष्णा कुमार बैरागी (38) मंडला जिले के बहुपैली थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं दूसरी सबसे बड़ी भागचंद सिंह डेयरी (24) उमरिया के नरोजाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला है। दोनों ही मूल कट्टा की फिराक में थे, लेकिन पहले ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# दूरदर्शन केन्द्र के शिविर में सफाई कर्मियों ने स्वास्थ्य जांच कराई

**रायपुर 1 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत अभियान और 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़े के तहत डॉ अजय सहाय एवं उनकी टीम द्वारा सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दूरदर्शन केन्द्र रायपुर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सफाई कर्मियों के अलावा केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सम्पूर्ण चेकअप के साथ साथ सभी की ईसीजी एवं ब्लड शुगर जांच भी की गई। आवश्यकतानुसार दवाइया भी निःशुल्क प्रदान की गईं। स्वास्थ्य शिविर की शुरुवात दीप प्रज्वलन से की गई। उपमहानिदेशक एवं केंद्र प्रमुख संजय मिश्रा ने सर्वप्रथम अपना



चेकअप करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख प्रदीप वास्तव, कार्यक्रम अधिशासी प्रदीप पाठक, नीलम सोना, कैमरामैन ग्रेड वन संतोष अवस्थी सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। विदित हो कि डॉ अजय सहाय, जो रायपुर के सुप्रसिद्ध फिजिशियन हैं, ने लोगों को आवश्यक हेल्थ टिप्स भी दिए।

### पोषण माह में स्पर्धा आयोजित



**रायपुर 1 अक्टूबर।** प्राचार्य डॉ किरण गजपाल के मार्गदर्शन में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय मैं राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य मैं गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की सभी संकाय के छात्राओं के लिए रखी गई थी जिससे वह अपने कलात्मक पक्ष को अभिव्यक्त करते हुए पोषण का ध्यान रख सके। इस कार्यक्रम में बीए, बीएससी, बीकॉम की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी ली। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉ कल्पना पॉल एवं डॉक्टर रश्मि दुबे उपस्थित रही। कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि मिंज के अलावा डॉ वासु वर्मा डॉ अलका वर्मा डॉ रेखा दीवान एवं मती ज्योति मिश्रा उपस्थित रहे।

### नाम जोड़ने व विलोपित करने का कार्य प्रारंभ

**रायपुर, 1 अक्टूबर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगरीय निकायों के चुनाव के लिए मतदाता सूची में नए मतदाताओं ने नाम जोड़ने, मृतकों के नाम विलोपित करने तथा दूसरे वार्डों में स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्थानीय निर्वाचन शाखा जिला कार्यालय के प्रमुख के अनुसार राज्य में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को कर दिया जाएगा। मतदाता सूची बनाने के लिए वार्ड के परिसीमन को आधार बनाया गया है। नगर निगम, जिला कार्यालय के सहयोग से यह कार्य शुरू हो गया है। आयोग के निर्देश पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर निगम के राजस्व निरीक्षकों का सहयोग लिया जा रहा है। राजधानी में 70 वार्ड हैं। वार्डों का परिसीमन होने के कारण अब चुनाव लड़ने के इच्छुक भी नाम जोड़वाने तथा कटवाने के लिए चुनावी ड्यूटी में संलग्न कर्मियों को सहयोग कर रहे हैं।




# गांधी जयंती पर राजधानी में होंगे कई कार्यक्रम

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 1 अक्टूबर।** गांधी जयंती पर राजधानी में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 अक्टूबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिवस है। इस अवसर पर इन महान विभूतियों को याद किया जाएगा। अनेक स्थानों पर सर्वधर्म प्रार्थना का भी आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ निवारण सप्ताह मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री सचिवालय के अनुसार मुख्यमंत्री राजधानी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों शिरकत करेंगे। कलेक्टोरेट स्थिति गांधी प्रतिमा के पास आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शास्त्री चौक में लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा की गई देश सेवा के लिए याद किया जाएगा।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर 2 को सर्वधर्म प्रार्थना सभा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं सर्वश्रेष्ठ स्काउटर /गाइडर सम्मान 2024 समारोह का आयोजन बालाजी विद्या मंदिर, देवेंद्र नगर, रायपुर में प्रातः 09:30 बजे बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर के मुख्य आतिथ्य एवं पुरंदर मिश्रा , विधायक रायपुर उत्तर एवं माननीय अनुज शर्मा , विधायक धरसीवां के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया हैं।

### न्याय यात्रा का समापन

गांधी जयंती पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की न्याय यात्रा का समापन होगा। यह यात्रा आज सेमरिया पहुंच गई है। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसी विधायक शामिल हुए। बलौदाबाजार से शुरू हुई इस यात्रा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। 2 अक्टूबर को समाप्त होने वाली इस यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे। इस अवसर पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा बनाई जा रही है।

### हरिजन हास्टल में होंगे कई कार्यक्रम

राजधानी के विभिन्न हरिजन छात्रावासों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा गांधी जयंती पर चरखे से सूत कताई, सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया है। वीसी शुक्ला निवास बूढ़ापारा में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस भवन तथा खादी ग्रामोद्योग सेंटर में भी गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

### कुष्ठ निवारण सप्ताह

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में कुष्ठ निवारण सप्ताह मनाया जाएगा। कुष्ठ पीड़ितों को इस अवसर पर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। कुष्ठ बस्ती में भी विभिन्न कार्यक्रम होंगे। राज्य के ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी के उत्पादों पर भी 20 प्रतिशत छूट दी जाएगी। छत्तीसगढ़ बुनकर सोसायटी के द्वारा उत्पादित बेडशीट, सोफा कव्हर व रुमालों में पर भी यह छूट मिलेगी। गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को देशी-विदेशी शराब दुकानों के अलावा मटन का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26